वर्ष : 33 ▸ अंक : 96 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 22 जून 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अटल सेतु में आई दरारें

कांग्रेस ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने वाले मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (MTHL) अटल सेतु में दरारें दिख रही हैं। शुक्रवार को महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने अटल सेतु का निरीक्षण करने के लिए सेवरी से लेकर न्हावा शेवा तक दौरा किया। इस दौरान उन्हें दूर तक दरारें दिखीं। उन्होंने दरारों की तस्वीरों और वीडियो को एक्स पर साझा किया और राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए लोगों की जान को खतरा बताया है।

नंबर गेम

- 17,840 करोड़ की लागत से हुआ था निर्माण
- 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था उद्घघाटन

नाना पटोले का आरोप

अटल सेतु का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि पूरे राज्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। हम विधानसभा में भ्रष्टाचार के कई उदाहरण पेश करेंगे। अटल बिहारी बाजपेयी का देश के लोग सम्मान करते हैं। लेकिन बीजेपी उनके नाम पर भी भ्रष्टाचार करने में संकोच नहीं करती है। महाराष्ट्र अमित शाह और नरेंद्र मोदी के लिए एटीएम बन गया है महाराष्ट्र को लूटकर गुजरात को दिया जा रहा है, इसलिए वे महाराष्ट्र की झूठी प्रशंसा करते हैं। बिहार में नवनिर्मित पुल के गिरने की घटना के बाद अब मुंबई में ये चौंकाने वाली घटना सामने आई है, इससे सरकार के कामकाज पर कई सवाल उठ रहे हैं। यह मामला बेहद गंभीर है और हमारी मांग है कि उच्च न्यायालय इस पर तुरंत संज्ञान ले और मामले की जांच कराये।

पुल के प्रोजेक्ट हेड ने दी सफाई

स्ट्राबैग कंपनी के अटल सेतु पैकेज 4 के प्रोजेक्ट हेड कैलाश गनात्रा ने कहा कि इस तरह के आरोप बेबुनियाद हैं। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि ये दरारें पुल पर नहीं बल्कि एमटीएचएल को उल्वे से मुंबई की ओर जोड़ने वाली अप्रोच रोड पर हैं। 20 जून 2024 को संचालन एवं रखरखाव दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान रैंप 5 (मुंबई की ओर जाने वाला रैंप) पर तीन स्थानों पर किनारों के पास की सड़क की सतह पर छोटी-छोटी दरारें पाई गईं हैं। ये दरारें छोटी हैं और सड़क के किनारे स्थित हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये दरारें किसी संरचनात्मक दोष के कारण नहीं हैं। ये डामर फुटपाथ में छोटी-छोटी दरारे हैं, जिनकी मरम्मत की जा सकती है। पैकेज 4 के ठेकेदार मेसर्स स्ट्राबैग ने पहले ही इसकी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। 24 घंटे के भीतर ही मरम्मत का काम पूरा हो जाएगा।

17,840 करोड़ की लागत से हुआ था निर्माण

लगभग 17,840 करोड़ की लागत से निर्मित। एमटीएचएल भारत का सबसे लंबा पुल और देश का सबसे लंबा समुद्री पुल है। नवी मुंबई में उल्वे की ओर बाहर निकलने पर दरारें देखी गईं। ये दरारें तारकोल रोड के एक तरफ हैं। इसका उद्घाटन इसी साल 12 जनवरी को किया गया था।

दायित्वनामा

जियो तो ऐसे जिओ

उनकी आंखें सपनों से भरी चमकतीं रहीं

पुनीत बरेजा का जाना न केवल स्तब्ध कर गया, बल्कि मन में एक रिक्कतता भर गई। खालीपन ऐसा जो पुनीत जी के मुस्कुराते चेहर और खनकती हुए विनम्र आवाज से भरा हुआ है। यकीन ही नहीं होता कि सभी को सकारात्मक करने वाला व्यक्ति हार्ट अटैक से चला जाएगा। एक ऐसा इंसान जिसका व्यवहार बरबस यादों में घुलता जा रहा है, बार बार उनकी बातें जेहन में गूंज रहीं हैं।

आज हर कोई अपने जीवन को लेकर बेहद सजग है, इसके लिए वह अनवरत मेहनत भी कर रहा है। पर आज के समय में भी पुनीत बरेजा जैसे लोग हैं, जो दूसरों के सपनों को जीने में मुग्ध हो उठते हैं। बहुत कठिन होता है दूसरों के सपनों को अपना सपना मानकर उसमें खुद को झोंक देना। ऐसे ही थे पुनीत बरेजा साहब।

अरुण लाल

दिल्ली में जब उनसे मुलाकात हुई तो उन्होंने कहा कि हम दो भाई हैं, मुझे लगता ही नहीं है कि हम अलग-अलग हैं। जो आप लिखते-पढ़ते हैं, लगता है जैसे मैंने ही लिखा हो। पुनीत जी की सबसे बड़ी खूबी थी हर परिस्थिति में खुद को ढाल लेना। उन्होंने दोपहर अखबार को बेहतर बनाने का भरसक प्रयास किया। हमने साथ मिलकर दो प्रोग्राम किए, जिसमें उन्होंन खुद को झोंक दिया। वे हर छोटी-बड़ी बात का बारीकी से ध्यान रखते थे। बेहर संवेदनशील पुनीत जी स्नेह से ऐसे भरे थे, कि उनसे मिलने वाला बरबस ही उनका मुरीद हो उठता। उनकी आंखें सुंदर भविष्य के सपनों से भरी होतीं थीं। 55 की उम्र में इतनी सिद्दत से सपने देखने वाला व्यक्ति मैंने कभी नहीं देखा। कई बार वे कहते कि मैंने अपना जीवन लोगों के लिए लगाया, और लोगों ने मुझे कई गुना लौटाया। वे सहज भरोसा करने वाले व्यक्ति थे। उन्हें जीवन और समय की गहरी समझ थी। पर वे दुनियादारी में बेहद पिछड़े हुए थे, उन्हें अपने-पराए का भेद नहीं था। वे ऐसे इंसान थे जो फाइव स्टॉर में रहकर भी खुश थे और किसी झोपड़ी में भी उन्हें उतना ही मजा आता था।

पुनीत बरेजा ने जाने कितनी कंपनियों को खड़ी करने में अहम भूमिका निभाई। जाने कितने युवा उर्जा से भरी वाणी से आशा से भर अपने काम में जुट गए। उनके पास हर सपने को पूरा करने की प्लानिंग होती थी। वे हर व्यक्ति के जीवन को अत्यंत महत्व देते थे। वे कहते भाई सब्र करो, हमारी मेहनत इतना फल देगी जो हम खुद खाएंगे, और समाज को भी भरपेट खिलाएंगे। सच्चे मायने में बरेजा जी ने हमें जीवन में निश्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना सिखाया। हर बार जब मिला वे किसी का मार्गदर्शन करते मिले, उन्होंने हमेशा लोगों की मदद की और विनम्र बने रहे। बड़े भाई होने पर भी छोटे बने रहने वाले इस व्यक्तित्व ने जीवन को बड़ी सीख दी। छोटी उम्र में उनका चले जाना हमें खाली कर गया है। भीतर बसी हैं, उनकी सपनों से भरी आंखें, मुस्कुराता चेहरा। बहुत कुछ सिखा गए आप।

जम्मू-कश्मीर में भी बनेगा महाराष्ट्र सदन, आवंटित हुई जमीन

नितिन तोरस्कर/ मुंबई। यूपी के बाद अब जम्मू-कश्मीर में भी महाराष्ट्र सदन बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। सूबे की शिंदे सरकार ने इस बात का ऐलान किया है। महाराष्ट्र सरकार ने बाकायदा इसकी जानकारी दी है। सरकार की तरफ से बताया गया है कि जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले में महाराष्ट्र सदन का निर्माण किया जाएगा। वहीं इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर प्रशासन की तरफ से महाराष्ट्र सरकार को ढाई एकड़ जमीन भी आवंटित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन की तरफ से आवंटित कराई गई इस जमीन पर महाराष्ट्र सदन का निर्माण कराया जाएगा।

9 करोड़ 30 लाख 24 हजार रुपए का वित्तीय प्रावधान

बता दें कि महाराष्ट्र सरकार की तरफ से जम्मू-कश्मीर में भी महाराष्ट्र सदन के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। इस पर बात आगे बढ़ी, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने महाराष्ट्र सदन के लिए जमीन आवंटित कर दी है। इस जमीन पर महाराष्ट्र सदन के निर्माण के लिए सरकार ने 9 करोड़ 30 लाख 24 हजार रुपए का वित्तीय प्रावधान भी किया है। वहीं अब महाराष्ट्र सदन कैसा होगा, इसमें किस तरह की सुविधाएं होंगी, इसकी योजना और डिजाइन की प्रक्रिया अभी भी चल रही है। बता दें कि महाराष्ट्र सदन का निर्माण कार्य अच्छे से हो सके, इसके लिए लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी को नोडल अधिकारी के तौर पर नियुक्ति भी किया जाएगा।

न्यूज़ ब्रीफ

धनगर विद्यार्थियों को मिलेंगे 60 हजार रुपए

मुंबई। मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पुणे, पिंपरी-चिंचवड, नागपुर के सरकारी छात्रावास में उच्च शिक्षा के लिए दाखिल नहीं पा सकने वाले धनगर समाज के विद्यार्थियों को अब प्रति वर्ष 60 हजार रुपए मिलेंगे। इसमें विद्यार्थियों के 32 हजार रुपए भोजन भत्ता, 20 हजार रुपए निवास भत्ता, 8 हजार रुपए निर्वाह भत्ता का समावेश है। राज्य के दूसरे राज्य विभागीय शहर और क वर्ग मनपा क्षेत्र में पढ़ाई करने वाले धनगर समाज के विद्यार्थियों को 51 हजार रुपए दिए जाएंगे। जबकि अन्य जिला मुख्यालय के लिए 43 हजार रुपए और तहसील मुख्यालय में रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को 38 हजार रुपए मिल सकेगा। इस योजना के तहत प्रति जिला 600 विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिलेगा। राज्य भर में 21600 विद्यार्थी प्रति वर्ष लाभ ले सकेंगे।

पुणे पोर्श केस : नाबालिग आरोपी के पिता को सेशन कोर्ट से जमानत

पुणे। पुणे के चर्चित पोर्श केस में नाबालिग आरोपी के पिता को पुणे सेशन कोर्ट से जमानत मिल गई है। इस मामले में 10 दिन पहले बहस हुई थी, जिसके बाद पुणे सेशन कोर्ट ने आज जमानत मंजूर कर ली है। ▸ पेज 3 भी देखें

'मुंबई में दो साल में गड्ढा मुक्त हो जाएंगी सड़कें'

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई की सड़कें अगले दो साल में गड्ढों से मुक्त हो जाएंगी क्योंकि मौजूदा समय में सड़कों को क्रंक्रीट से तैयार करने का काम चल रहा है। शिंदे ने मुंबईवासियों से महानगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में प्रशासन के साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया।

चार छात्रों की दर्दनाक मौत

पिकनिक मनाने गए थे रायगढ़ के बांध, डूबने से गई जान

दोपहर संवाददाता । मुंबई\रायगढ़

महाराष्ट्र के रायगढ़ में बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। रायगढ़ के खालापुर तालुका में शुक्रवार को मॉनसून ट्रिप के लिए आए 4 छात्रों की डूबने से मौत हो गई। ये चारों छात्र मुंबई के बांद्रा स्थित रिजवी कॉलेज के छात्र थे। यह घटना तालुका के वावरले गांव के पोखरवाड़ी में घटी। यहां सत्य साईं बाबा बांध के पास 37 छात्र मॉनसून ट्रिप के लिए आए थे। इनमें 4 युवक डूब गए। पुलिस ने बताया कि सभी चारों छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनके नाम एकलव्य सिंह, इशांत यादव, आकाश माने और रणत बांदा था।

कैसे हुआ हादसा?

जानकारी के मुताबिक, मुंबई के रिजवी कॉलेज से छात्रों का एक ग्रुप मॉनसून ट्रिप के लिए खालापुर तालुका आया था। 37 स्टूडेंट के इस ग्रुप में 17 लड़कियां थीं। ये सभी सोंदाई किले पर ट्रैकिंग के लिए आए थे। वहां से लौटते समय ये सभी छात्र धनदी नदी के तटबंध पर बने शेड के नीचे नहाने का आनंद लेने के लिए वहां रुके। लेकिन बांध पर पानी का अनुमान नहीं होने के कारण 4 छात्र डूब गए। चार छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

अस्पताल लाए गए सभी शव

खालापुर तालुका पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मिलिंद खोपड़े और कर्मचारियों ने सामाजिक संगठनों के सदस्यों और पोखरवाड़ी के स्थानीय युवाओं ने दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए खोज अभियान में भाग लिया। साथ ही खालापुर के उपविभागीय पुलिस अधिकारी विक्रम कदम खुद भी मौके पर थे। सभी शवों को चौक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है।

शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे के पुनर्गठन पर होगा विचारः शिंदे

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार शक्तिपीठ एक्सप्रेस वे परियोजना को फिर से संरेखित करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री का यह बयान विरोध प्रदर्शन के कारण प्रस्तावित शक्तिपीठ एक्सप्रेस वे के लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य रोके जाने के दो दिन बाद सामने आया है। उन्होंने कहा कि परियोजनाएं लोगों पर थोपी नहीं जाएंगी और उन्हें विश्वास में लिए बिना उनका क्रियान्वयन भी नहीं किया जाएगा।

802 किलोमीटर लंबा है शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे

प्रस्तावित 802 किलोमीटर लंबा शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे वर्धा जिले (विदर्भ क्षेत्र में) के पवनार को तटीय सिंधुदुर्ग (कोंकण) के पतरादेवी से जोड़ेगा। पड़ोसी गोवा में प्रवेश करने से पहले एक्सप्रेसवे 12 जिलों से होकर गुजरेगा। शिंदे ने एक बयान में कहा कि परियोजना पर आगे बढ़ने से पहले उनकी सरकार लोगों को विश्वास में लेगी। उनकी यह टिप्पणी राज्य के विभिन्न हिस्सों में परियोजना के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में आई है। उन्होंने कहा, ''हम लोगों पर कोई परियोजना नहीं थोपेंगे। (नागपुर-मुंबई) समृद्धि एक्सप्रेसवे एक महत्वपूर्ण परियोजना थी, जिसे सभी हितधारकों को विश्वास में लेकर पूरा किया गया।'' राज्य सरकार ने 19 जून को एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को स्थगित करने का निर्णय लिया।

जांच-पड़ताल › सेकेंडरी सोर्स से असली अपराधी तक पहुंचने की कवायद

पेपर लीक की उलझी कड़ियों को सुलझाने में जुटी सीबीआई

एजेंसी । नई दिल्ली

डार्क नेट पर यूजीसी-नेट पेपर लीक की घटना की उलझी कड़ियों को सुलझाने में सीबीआई जुट गई है। सीबीआई इस मामले में तह तक जाने के लिए साइबर विशेषज्ञों की मदद लेगी। इस मामले में टीम बनाकर जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि शिक्षा माफिया जिस तरह से तकनीक का इस्तेमाल परीक्षाओं के सुरक्षा व्यूह को तोड़ने के लिए कर रहे हैं, उसे रोकना और अपराधियों तक तक पहुंचना बड़ी चुनौती है। सूत्रों ने कहा, पेपर किस सोर्स से डार्कनेट पर आया और इसका संचालन कहां से हो रहा था, इसके खरीदार कहां-कहां से संपर्क में आए। इन सभी बिंदुओं की पड़ताल सीबीआई करेगी। सूत्रों ने कहा कि डार्कनेट पर गतिविधि को पकड़ने में सेकेंडरी सोर्स कारगर हो सकते हैं। यानी पेपर बेचने और खरीदने वालों से लेकर संदिग्ध लेन-देन को ट्रैक करके मामले की तह तक पहुंचा जा सकता है।

फाइनेंसियल फ्रॉड के मामलों को उजागर कर चुकी है CBI

सीबीआई सूत्रों का कहना है कि जांच एजेंसी ने ऐसे मामलों को पहले भी पकड़ा है जब फाइनेंसियल फ्रॉड के मामलों को अंजाम देने के लिए डार्कनेट का इस्तेमाल किया गया। साइबर की दुनिया में नई तकनीक को पकड़ने के लिए गृह मंत्रालय की साइबर विंग आई4सी से भी कई अन्य इनपुट मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा सीबीआई इस मामले में एनटीए के जिम्मेदार अधिकारियों से भी जानने का प्रयास करेगी कि पेपर डार्कनेट माफियाओं तक कैसे पहुंचा।

डार्कनेट पर पेपर लीक की घटना अलग तरह की चुनौती

डार्कनेट एक्सपर्ट तनोट शर्मा का कहना है कि यहां ज्यादातर गतिविधि पहचान छिपाकर होती है। एडमिन ग्रुप बनाकर लोगों के साथ जुड़ते हैं और उनकी लोकेशन बदलती रहती है। डार्कनेट पर पेपर लीक की घटना बिल्कुल अलग तरह की चुनौती है। वहीं, साइबर विशेषज्ञ पवन दुग्गल का कहना है कि जांच एजेंसियों के पास अभी इस तरह के टूल नहीं हैं जिनके माध्यम से वे डार्कनेट के असली अपराधी को आसानी से पकड़ सकें। कई मामलों में डार्कनेट पर ऐसे अपराध को अंजाम देने वाला व्यक्ति असली नहीं होता बल्कि आर्टिफिशियल इंटलीजेंस (एआई) का उपयोग किया जाता है।

संदिग्ध ट्रांजक्शन से भी अपराधी तक पहुंचने का प्रयास : यूजीसी-नेट का पेपर 17 जून को ही लीक हो गया था और इसे डार्कनेट पर डाल दिया गया था। डार्कनेट पर पेपर कुछ लोगों को अलग अलग धनराशि में बेचे जाने की जानकारी भी जांच एजेंसी को मिली है। ऐसे में एजेंसी संदिग्ध ट्रांजक्शन के माध्यम से भी अपराधी तक पहुंचने का प्रयास करेगी। जानकारों का कहना है कि साइबर एक्सपर्ट डार्क वेब को खोलने के लिए टॉर ब्राउजर का इस्तेमाल करते हैं। डार्क वेब पर पेपर लीक के अलावा ड्रग्स, हथियार, पासवर्ड, चाइल्ड पॉर्न जैसी प्रतिबंधित चीजें भी मिलती हैं। डार्क वेब ओनियन राउटिंग टेक्नोलॉजी पर काम करता है। ये यूजर्स को ट्रैकिंग और सर्विलांस से बचाता है और उनकी गोपनीयता बरकरार रखने के लिए सैकड़ों जगह रूट और री-रूट करता है। डार्क वेब बहुत सारे आईपी एड्रेस से कनेक्ट और डिस्कनेक्ट होता है, जिससे इसको ट्रैक कर पाना मुश्किल होता है। डार्क वेब पर डील करने के लिए वर्चुअल करेंसी जैसे बिटकॉइन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे असली अपराधी को पकड़ पाना मुश्किल होता है। यहां आम यूजर नहीं पहुंच सकता।

सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका के पिता को उतारा मौत के घाट

पिता ने बेटी की शादी से किया था इनकार

दोपहर संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे में बेटी के हिंदू शख्स से विवाह के प्रस्ताव का विरोध कर रहे 46 वर्षीय जाकिर मिया शेख की हत्या कर दी गई। जाकिर मिया की तीन लोगों ने घर में घुसकर हत्या कर दी। शुक्रवार को एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी अविनाश खैरात पीड़ित जाकिर मिया शेख की पुत्री से एकतरफा प्रेम करता था। उसके पिता की ओर से विवाह प्रस्ताव अस्वीकार करने के बाद भी वह लगातार उससे शादी करने की मांग कर रहा था।

बकरीद के दिन हत्या

अधिकारी ने बताया कि ईद के त्यौहार के दिन अविनाश खैरात दो अन्य लोगों के साथ मिलकर कल्याण तालुका स्थित शेख के घर पहुंचा। इस दौरान दोनों पक्षों में बहस हुई तो धारदार हथियारों एवं लाठियों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं समेत अन्य लोगों पर भी हमला किया। अधिकारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि अविनाश खैरात

एकतरफा प्रेम करता था। उसने कई बार जाकिर मिया से भी बात की थी और उसकी बेटी से शादी का प्रस्ताव दिया था। इस पर जाकिर ने इनकार कर दिया था। पुलिस ने बताया कि ठाणे के रहने वाले जाकिर मिया शेख की ओर से रिश्ते का प्रस्ताव ठुकराने से अविनाश खफा था। वह बकरीद के मौके पर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ उसके घर आ धमका और हमला बोल दिया। जानकारी के अनुसार उसने धारदार हथियारों और लाठी डंडों से पिटाई की। इस हमले में परिवार की कुछ महिलाएं भी घायस हुई हैं। ये लोग जाकिर मिया शेख से बचाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में अविनाश समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

मराठा समुदाय से नफरत करती है महाराष्ट्र सरकार –मनोज जरांगे

छत्रपति संभाजीनगर। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार पर मराठा और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों के बीच तनाव उत्पन्न करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि वह ''ऐसा नहीं होने देंगे।'' जरांगे (41) छत्रपति संभाजीनगर स्थित एक अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार में 8-9 लोग हैं, जो मराठा समुदाय से 'नफरत' करते हैं और उनके नाम 'सही' समय पर सार्वजनिक होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार मराठा और ओबीसी समुदायों के बीच दरार पैदा करने के लिए नए नेताओं को आगे ला रही है और अन्य को किनारे कर रही है।

गोदाम से 1.11 लाख का कॉपर कॉइल सहित डीवीआर की चोरी

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के रहनाल इलाके में अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बंद शटर का ताला तोड़कर गोदाम में प्रवेश कर उसमे रखे कॉपर कॉईल व डीव्हीआर सहित 1 लाख 11 हजार रुपए के समान की चोरी कर फरार हो गए।इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दी है, लेकिन गोदामों में बढ़ती चोरी की घटना से गोदाम मालिकों में भय फैल गया है।

अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस के अनुसार, भिवंडी के ट्रांसपोर्ट बाहुल्य रहनाल इलाके के सदगुरू कंपाऊंड में निशी इंडस्ट्रीज प्रा.लि नामक कंपनी का वेअरहाउस स्थित है। इसके गोदाम नंबर ए 6 के गाला नंबर 7 में 19 जून को रात 7.30 बजे से 20 जून को सुबह 9.15 के बीच लोहे की जालीदार दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर अज्ञात चोर गोदाम में प्रवेश कर गए और उसमे रखा 1 लाख 11 हजार 535 रुपये किमत के 116.17 किलो वजन के 5 ट्रान्सफार्मर वायडींग कॉपर कॉईल के बॉक्सेस व सिपीप्लस कपंनी का 16 चैनल का डिव्हीआर का चोरी कर फरार हो गए।इस प्रकरण में गोदाम मालक निरज नारायणराव कुरेकर की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने अज्ञात चोरों पर चोरी का केस दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दिया है।मामले की जांच पुलिस हवलदार प्रमोद जाधव कर रहे हैं।

भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य का किया गया सत्कार

भिवंडी। हाल ही में संपन्न हुए बकरीद त्योहार के दौरान नगर पालिका द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को लेकर शहर के मुसलमानों की तरफ से धर्मगुरु मुफ्ती मोहम्मद हुज़ैफा कासमी के नेतृत्व में मनपा प्रशासक व आयुक्त अजय वैद्य से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका सत्कार किया

दुष्कर्म मामले में आरोपी को 10 साल की जेल

स्पेशल कोर्ट ने सुनाया फैसला

ठाणे। ठाणे में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति को 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। विशेष पॉक्सो अदालत ने ये फैसला सुनाया। घटना नवंबर 2018 की है।

केस डायरी

अभियोजन पक्ष ने बताया कि 24 नवंबर 2018 को राजमिस्त्री मुरली कन्हैयालाल चौहान ने 5 साल की बच्ची को फुसलाकर अपने इलाके के एक शौचालय में लेकर गया और वहां उसके साथ बलात्कार किया। घटना के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की थी, लेकिन पीड़िता के पिता और अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया।

विशेष अदालत ने सुनाया फैसला

विशेष लोक अभियोजक संध्या म्हात्रे और विवेक कडू ने कहा कि मुकदमे के दौरान दस गवाहों से पूछताछ की गई, जिनमें शौचालय परिसर की मालिक महिला और उसका बेटा भी शामिल था।

उन्होंने बताया कि POCSO अधिनियम के विशेष न्यायाधीश डीएस देशमुख ने चौहान को 10 साल जेल की सजा सुनाई और 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

मंदिर की दान पेटी तोड़कर उडाए लाखों रुपए

ठाणे। ठाणे जिले से एक चोरी का मामला सामने आया है। यहां के एक मंदिर में चोरों ने घुसकर दान पेटी से एक लाख रुपये चुरा लिए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मीरा रोड इलाके में स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार को करीब ढाई बजे तीन लोगों ने चोरी की। अधिकारी ने बताया कि सुबह जब पुजारी ने मंदिर का मुख्य दरवाजे का ताला और दान पेटी टूटी देखी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि नया नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने कहा कि मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड तस्वीरों के आधार पर तीनों आरोपियों को पकड़ने के प्रयास कर रही हैं।

5 लाख रुपए के गहने लेकर फरार

इससे पहले, ज्वेलरी के दुकान के कर्मचारी के खिलाफ ठाणे पुलिस ने पांच लाख रुपये के गहने लेकर भाग जाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। कपूरबावड़ी पुलिस थाने के प्रभारी के अनुसार, दुकान के मालिक ने मंगलवार को अपने कर्मचारी कुलदीप सिंह रावत (41) को हॉलमार्किंग के लिए आभूषण दिए थे। इसके बाद रावत से फोन पर संपर्क नहीं हो सका। दुकान के मालिक ने पुलिस को बताया कि वह न तो हॉलमार्किंग केंद्र गया और न ही दुकान पर वापस लौटा। अधिकारियों ने बताया कि रावत के खिलाफ पुलिस ने आपराधिक विश्वासघात करने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 408 के तहत मामला दर्ज किया है।

'ठाणे जेल के अस्तित्व को बचाने के लिए होगा जन आंदोलन' -विधायक केलकर

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे के केंद्रीय जेल के अस्तित्व को बचाने के लिए अब जन आंदोलन ही होगा । ठाणे शहर के विधायक संजय केलकर ने कहा कि इसकी जगह पार्क बनाने की बिल्डर लॉबी की साजिश है और हम ठाणेकरों की पहचान को बरकरार रखने के लिए इस फैसले के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करेंगे. विधायक संजय केलकर ने मांग की है कि उससे पहले इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए.।

'इस योजना में बिल्डर लॉबी'

बताया जाता है कि इस खबर के बाद कि ठाणे जेल को भिवंडी के पडघा में स्थानांतरित कर दिया जाएगा और इसके स्थान पर ठाणे में एक भव्य पार्क बनाया जाएगा, विधायक संजय केलकर ने आरोप लगाया कि इस योजना में बिल्डर लॉबी का गलत मकसद है।

उन्होंने विधानसभा के पिछले साल मानसून सत्र में इस संबंध में आवाज उठाई थी और ठाणे की जनता से से उनकी भावनाओं को ठेस न पहुंचाने की अपील की थी। विधायक संजय केलकर कहना है कि ठाणे में सभी अदालतें, कलेक्टर कार्यालय, पुलिस मुख्यालय ठाणे जेल के पास स्थित हैं, इसलिए कैदियों का परिवहन आसान और सुरक्षित है। ऐसे में इस जेल को 20-25 किलोमीटर दूर भिवंडी के पडघा में स्थापित करना हास्यास्पद है. वहां से कैदियों को कोर्ट ले जाने में भारी जाम का सामना करना पड़ेगा. ऐसी स्थिति में जेल को स्थानांतरित करने का निर्णय लेना संदिग्ध लगता है,।

4,000 है जेल की क्षमता

जहाँ तक क्षमता का सवाल है तो जेल की क्षमता 4,000 है और इसमें लगभग 10,000 कैदी हैं। इससे यहां की व्यवस्था और सुविधाओं पर दबाव पड़ता है। इसलिए यहां नियुक्त अधीक्षकों ने बार-बार यहां की कृषि भूमि पर विस्तारित बहुमंजिला जेल बनाने का प्रस्ताव दिया है। इसलिए, यदि इस साइट पर विस्तारित निर्माण किया जाता है तो अतिरिक्त तनाव को दूर किया जा सकता है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर भिवंडी में एक विस्तारित जेल भी बनाई जा सकती है। अपनी राय व्यक्त करते हुए बीजेपी विधायक केलकर ने बताया कि कहा है कि इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक जेल यानी ठाणे किले को तोड़कर एक भव्य पार्क बनाने की कतई आवश्यकता नहीं है।

दो सड़क हादसों में दो महिला जख्मी

भिवंडी। भिवंडी में वाहन चालकों की लापरवाही के कारण हुए दो सड़क दुर्घटनाओं में दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।जिन्हे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दोनो ही मामलों में दो चालकों के खिलाफ कोनगांव और भोईवाड़ा पुलिस ने केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पहली दुर्घटना

डोंबिवली पूर्व में रहने वाली हिना नीलेश शाह अपने बेटे के साथ 19 जून को रात 12:30 बजे ओला कार नंबर एम एच 01 डीआर 9722 द्वारा भायंदर से डोंबिवली जा रही थी। जैसे ही उक्त कार मुंबई नाशिक हाइवे पर स्थित राजनौली ब्रिज के पास पहुंची, इसी दरम्यान कार चालक को नींद (झपकी)आ गई। इसके कारण चालक का नियंत्रण छुटने से कार सड़क से नीचे गड्ढे में जा टकराई। इस दुर्घटना में हिना का बायां हाथ टूट गया। इस मामले में हिना की शिकायत पर कोनगांव पुलिस ने कार चालक राजेंद्र प्रसाद मोर्या के खिलाफ दुर्घटना के जिम्मेदारी का केस दर्ज किया है।

वाहन चालकों पर केस दर्ज

दूसरी दुर्घटना

इसी तरह दूसरी दुर्घटना 20 जून को स्थानीय भंडारी चौक पर स्थित रामचंद्र हॉटेल के पास हुई।जहां पर रास्ते पर अमृता राजेश्याम हुसा (82) नामक वृद्ध महिला पैदल जा रही थी।उसी दौरान को सामने खड़ी तीन पहिया टेंपो क्रमांक एमएच 04 एचडी 9118 ने अचानक उन्हे टक्कर मार दी, जिसके कारण बुजुर्ग महिला के सिर और पैर में चोट लगने से वह जख्मी हो गई।

इस मामले महिला की शिकायत पर भोईवाड़ा पुलिस ने टेम्पो चालक अनिल कुमार मानसिंह यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।दुर्घटना के बाद पुलिस दोनो वाहन चालकों की तलाश में जुट गई है।

गोदाम से धागा व ट्रक सहित तकरीबन 10 लाख की चोरी

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन सीमा अंतर्गत एक गोदाम से जहां 4.90 हजार रुपए का धागा चोरी हुआ है। वहीं पूर्णा गांव में स्थित भाटिया कंपाउंड में पार्क 5 लाख रुपए कीमत का एक टाटा ट्क को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। नारपोली पुलिस ने दोनों मामलों में शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया है।

आरोपी को पकड़ने में पुलिस फेल

पुलिस के मुताबिक बंगालपुरा के रहने वाले ताहिर हमीद उल्ला सिद्दीकी का रहनाल गांव के गौरीबाई कंपाउंड में धागा का वेयर हाउस है।इसी गोदाम में काम करने वाले कैसर शकील ने 21 मई से14 जून के बीच धागा के कुल 130 बैग चोरी कर बिक्री कर दिए। प्रत्येक बैग 22.680 किलोग्राम वजन था। चोरी किए गए कुल धागे की कीमत 4.90 हजार रुपए बताई जाती है। स्टॉक गिनती के समय धागा चोरी होने की जानकारी मिली। वेयर हाउस के मालिक ताहिर सिहीकी नेइसकी शिकायत नारपोली पूलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पुलिस ने कैसर शकील नामक व्यकित के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। इसी तरह राबोडी ठाणे के रहने वाले पेशे से ट्रांसपोर्टर महमूद इनाम अशरफ खान ने पूर्णा गांव के भाटिया कंपाउंड मेंर अपनी टाटा कंपनी की ट्रक को पार्क किया था, जिसे अज्ञात चोर उड़ा ले गए।

सिविल अस्पताल में योग शिविर का भव्य कार्यक्रम

ठाणे। ठाणे जिला सरकारी अस्पताल में 10 वें विश्व योग दिवस पर भव्य आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार व अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े के मार्गदर्शन में किया गया।निवासी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मृणाली राहुड के अध्यक्षता में योग की शुरुआत अंबिका कुटीर योग संस्था के मिलिंद नारखोड़े व प्रेम तिवारी ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास सिखाया।इस योग के कार्यक्रम में डॉ. श्रीजीत शिंदे, डॉ. शोभना चव्हाण, डॉ. सचिन घोलप, डॉ. अरुण कोली ,डॉ जुबेर,मेट्रन प्रतिभा बाबु,सुश्रुषा अधिकारि श्रद्धा मेस्त्री, विनोद जोशी , रोशन पाटील,नंदकिशोर सोंडे,आयुष अधिकारि व कर्मचारी ,परिचारिका व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

सेंसर बोर्ड तीसरी बेगम से जय श्री राम संवाद हटाने पर अड़ा

मुंबई। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को निर्माता-निर्देशक के.सी.बोकाडिया की फिल्म 'तीसरी बेगम' से 'जय श्री राम' संवाद हटाने पर अड़ गया है। जबकि फिल्म के निर्माता फिल्म से 'जय श्री राम' संवाद हटाने के लिए तैयार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अब फिल्म देख कर अपना फैसला सुनाने का निर्णय लिया है। 5 जुलाई को इस मामले की सुनवाई रखी गई है। न्यायमूर्ति आर.आई. छागला की एकलपीठ के समक्ष शुक्रवार को के.सी.बोकाडिया की ओर से वरिष्ठ वकील अशोक सरावगी और आनंद मिश्रा की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीएफसी की ओर से पेश वकील ने कहा कि फिल्म से 14 विवादित संवाद हटाए गए हैं, लेकिन फिल्म से 'जय श्रीराम' संवाद नहीं हटाया गया है।

यदि यह संवाद हटा जाता है, तो फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट दी जाएगी। याचिकाकर्ता के वकील

सरावगी ने कहा कि याचिकाकर्ता फिल्म से 'जय श्रीराम' संवाद को हटाना नहीं चाहते हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति छागला ने खुद फिल्म देख कर निर्णय लेने का निश्चय किया है। याचिकाकर्ता की ओर से पीठ को पेन ड्राइव के जरिए फिल्म उपलब्ध कराई गई है। अदालत 5 जुलाई को मामले में सुनवाई कर अपना फैसला सुनाएगा। सीबीएफसी की परीक्षण समिति (एक्जामिनिंग कमेटी) ने फिल्म से 'जय श्री राम' संवाद नहीं हटाने से सेंसर सर्टिफिकेट देने से इनकार कर दिया था।

2 बसों व ट्रेलर में हुई जबरदस्त टक्कर, 20 लोग घायल

कारंजा लाड़ : कारंजा-शेलु बाजार रोड पर 2 बसों और ट्रेलर में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें 20 ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसा सुबह साढ़े 6 बजे हुआ। हादसे को देखकर राहगीरों ने 108 पर संपर्क कर इसकी जानकारी दी और घायलों को बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार कारंजा-शेलु बाजार रोड पर तराला गांव के मोड़ पर 2 लग्जरी बसें और ट्रेलर के बीच विचित्र दुर्घटना हो गई। हादसे में 5 लोग गंभीर रूप घायल हो गए। वहीं 15 लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। यह हादसा शुक्रवार की सुबह 6.30 बजे हुआ।

सड़क किनारे खड़ी थी बस तभी दूसरी बस ने मारी टक्कर

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक लग्जरी बस का यात्री लघु शंका के लिए नीचे उतरा जिससे बस सड़क के किनारे खड़ी थी, तभी पीछे से आ रही दूसरी लग्जरी बस ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण खड़ी लग्जरी बस सामने से आ रहे ट्रक में घुस गई। दुर्घटना में 20 लोगों के जख्मी होने की जानकारी सामने आई।

वाहनों को जेसीबी से हटाया गया

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही लोकेशन 108 कारंजा के चालक किशोर खोडके और डॉ. अजय कुमार मिश्रा तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को उप जिला अस्पताल कारंजा पहुंचाया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मंगरुलपीर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इस दुर्घटना के कारण इस मार्ग का यातायात कुछ देर के लिए ठप हो गया था। जेसीबी की सहायता से तीनों वाहनों को सड़क के बीच से हटाकर सड़क के किनारे किया गया।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड़ ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की

मुंबई। कांग्रेस की मुंबई इकाई की प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

की। वह इस मुद्दे पर अपनी पार्टी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग ले रही थीं। उन्होंने छात्रों की परेशानी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'चुप्पी' पर भी सवाल उठाया। हाल ही में संपन्न आम चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित गायकवाड़ ने कहा, 'शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने सामने आई अनियमितताओं के कारण छात्रों को होने वाली कठिनाई के संबंध में एक शब्द भी नहीं कहा है।' उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए और छात्रों को न्याय मिलना चाहिए।

मरीन ड्राइव अंडर-फ्लाईओवर नए लुक में आएगा नजर

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई के मरीन ड्राइव का अंडर फ्लाइओवर अंडरपास अब नए लुक में नजर आएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने योगा दिवस के मौके पर 21 जून को पद्मश्री नाना चुडासमा की स्मृति में मरीन ड्राइव में निर्मित सौन्दर्यीकरण परियोजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और फिल्म एक्टर जैकी श्रॉफ समेत अन्य जानी-मानी हस्तियां मौजूद थी। मरीन ड्राइव अंडर-फ्लाईओवर में अब मुंबईकरों को वारली चित्रकारी से योग मुद्राएं देखने को मिलेगी। सीएम ने प्रोजक्ट का उद्घाटन करने के बाद मरीन ड्राइव पर बनाए गए इन योग मुद्राओं को देखा और जमकर तारीफ की।उन्होंने कहा इस सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट स्वर्गीय नाना चुडासमा

सीएम शिंदे सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

सामाजिक कार्यों का वास्तविक सम्मान होगा। इसके साथ ही सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा आने वाले दो वर्षों में मरीन ड्राइव ही नहीं पूरी मुंबई का कायकल्प हमारी महायुति सरकार कर देगी। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास मुंबईकरों को सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर से बेहतर सुविधा और माहौल देना है।

अनमोल विचार नकारात्मक स्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण रखें : जोसेफ विजय चंद्रशेखर

'नाबालिग को कैद में किस आधार पर रखा गया'

पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट

हाई कोर्ट ने पुलिस ने पूछा सवाल

दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे

बंबई उच्च न्यायालय ने पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नाबालिग आरोपी को सुधार गृह में कैद में रखने पर सवाल उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में ले लेना तथा सुधार गृह में रखना क्या कैद के समान नहीं है? न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने पुलिस से यह भी पूछा कि कानून के किस प्रावधान के तहत नाबालिग आरोपी को जमानत देने के आदेश में संशोधन किया गया और उसे कैद में किस आधार पर रखा गया? पीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। दो लोगों की जान चली गई। (यह) बहुत दर्दनाक हादसा तो था ही, लेकिन बच्चा (किशोर) भी (मानसिक) अभिघात में था।

क्या हुआ था 19 मई की रात? : गौरतलब है कि गत 19 मई को रात 3 बजकर 15 मिनट पर नाबालिग कथित तौर पर नशे की हालत में तेज रफ्तार में पोर्श कार चला रहा था और उसने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पुणे के कल्याणी नगर में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों- अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। 17 नाबालिग को उसी दिन किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा जमानत दे दी गई। बोर्ड ने नाबालिग से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा तथा आदेश दिया कि नाबालिग को उसके माता-पिता और दादा की देखभाल एवं निगरानी में रखा जाए। त्वरित जमानत दिये जाने पर देश भर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को नाबालिग को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे एक सुधार गृह में भेज दिया।

नाबालिग की तत्काल रिहाई की मांग

नाबालिग की बुआ ने पिछले सप्ताह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उन्होंने नाबालिग की तत्काल रिहाई की मांग की। पीठ ने शुक्रवार को याचिका पर दलीलें सुनते हुए कहा कि पुलिस ने जेजेबी द्वारा पारित जमानत आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में आज तक कोई आवेदन दायर नहीं किया है।

यह किस प्रकार की रिमांड है ?

अदालत ने कहा कि इसके बजाय जेजेबी के जमानत आदेश में संशोधन के अनुरोध के साथ आवेदन दायर किया गया था। खंडपीठ ने कहा कि संबंधित याचिका के आधार पर जमानत आदेश में संशोधन किया गया और नाबालिग को सुधार गृह भेज दिया गया। खंडपीठ ने कहा, "यह किस प्रकार की रिमांड है? रिमांड की शक्ति क्या है? यह किस तरह की प्रक्रिया है, जहां किसी व्यक्ति को जमानत दी गई है और फिर उसे हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजने का आदेश दिया जाता है।" पीठ ने कहा कि नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल और निगरानी से दूर ले जाया गया और एक सुधार गृह भेज दिया गया। अदालत ने कहा, "एक व्यक्ति को जमानत दी गई है, लेकिन अब उसे एक सुधार गृह में कैद कर दिया गया है। क्या यह कैद नहीं है? हम आपकी शक्ति का स्रोत जानना चाहेंगे।"

योग को बनाए अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा : सीएम शिंदे

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को लोगों से योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की। मरीन ड्राइव इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बाबा रामदेव ने योग को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया है। नागरिकों को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता शाइना एनसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और नगर आयुक्त भूषण गगरानी भी शामिल हुए।

सोसायटी से विवाद होने पर भी मेनटेंस देना अनिवार्य : कोर्ट

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सोसायटी से विवाद होने पर भी मेनटेंस (रखरखाव खर्च) देने को अनिवार्य बताया है। इसके बाद कोर्ट ने यह याचिका खारिज कर दी। दरअसल, डोंबिवली की शिवविहार सोसायटी में रहने वाले विलास डोंगरे ने हाई कोर्ट में दाखिल याचिका करके कहा था कि सोसायटी के पदाधिकारियों के विवाद की वजह से उन्होंने मेनटेंस अदा नहीं किया, जिससे मेनटेंस की रकम बढ़कर 7 लाख रुपये हो गई। इसकी वसूली के लिए सोसायटी ने कार्रवाई शुरू कर दी और उनके पानी का कनेक्शन काट दिया। डोंगरे ने इसकी शिकायत मानवाधिकार आयोग से की, लेकिन वहां से न्याय न मिलने पर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका की सुनवाई शुक्रवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस अविनाश घरोटे की एकल पीठ के समक्ष हुई। हाई कोर्ट ने कहा कि यह रखरखाव का धन है, जो इमारत के रखरखाव या मरम्मत के लिए इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए इस रकम को भरना अनिवार्य है। इस मामले में किसी भी तरह का मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है। डोंगरे के बयान को स्वीकार न करने के मानवाधिकार आयोग के फैसले को सही मानते हुए उच्च न्यायालय ने डोंगरे की याचिका खारिज कर दी।

बॉम्बे हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, याचिका खारिज

जोगेश्वरी सिटीजन फॉउंडेशन ने किया योग शिविर का आयोजन

दोपहर संवाददाता । मुंबई

विश्व योग दिवस के अवसर पर जोगेश्वरी सिटीजन फाउंडेशन ने मुंबई उपनगर के जोगेश्वरी क्षेत्र में नागरिकों के लिए योग शिविर का आयोजन किया। सुबह साढ़े छह बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नागरिक, युवा व महिलाएं सम्मिलित हुई। बारिश के माहौल में करीब 60 मिनट तक योग और प्रणायाम के विभिन्न आसनों का अभ्यास ध्यानयोग केंद्र की योग प्रशिक्षक श्रीमती शीतल गणेश गिडये और उनकी टीम ने कराया। योग प्रशिक्षक श्रीमती शीतल गणेश गिडये ने योगाभ्यास से स्वस्थ व निरोग जीवन जीने की सलाह दी। जोगेश्वरी सिटीजन फॉउंडेशन के अध्यक्ष व फ़िटनेस ट्रेनर मयूर मोरये ने उपस्थित प्रतिभागियों से तनावपूर्ण जीवन में नियमित योग करने के साथ साथ पौष्टिक आहार, विश्राम, व्यायाम, खेल कूद से संतुलित करना स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। सभी ने नशा मुक्त स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

सीईटी के अंक छात्रों को बताएं और उन्हें उत्तर पुस्तिकाएं दें : आदित्य

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने हाल ही में आयोजित महाराष्ट्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एमएच-सीईटी) में पारदर्शिता लाने पर जोर देते हुए शुक्रवार को मांग की कि छात्रों को उनके अंक बताए जायें तथा उन्हें उनकी उत्तर पुस्तिकाएं भी दी जायें। ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीईटी 'अजीब' तरीके से आयोजित की गई थी और दो पेपर की परीक्षाएं 30 बैच में आयोजित की गई थीं। उन्होंने कहा कि इनमें से एक पेपर की परीक्षा 24 बैच में आयोजित की गई। उन्होंने कहा, 'हम मांग करते हैं कि छात्रों को उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई जाएं और उन्हें उनके अंक बताए जाएं। इस मामले में टॉपर की भी घोषणा की जानी चाहिए।'

ठाकरे का आरोप

यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द किए जाने और नीट में अनियमितताओं के आरोपों का जिक्र करते हुए ठाकरे ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की सरकारों ने छात्रों के भविष्य को 'बर्बाद' करने का फैसला कर लिया है। ठाकरे ने दावा किया कि प्रश्नपत्रों में 54 गलतियां थीं और छात्रों ने 1,425 आपत्तियां जताईं। पूर्व मंत्री ने कहा कि छात्रों के परिणाम 'परसेंटाइल' के रूप में घोषित किए गए। उन्होंने कहा, 'एक पेपर की परीक्षा 24 बैच में आयोजित की गई। ऐसे उदाहरण हैं कि कुछ पेपर कठिन थे, जबकि अन्य आसान थे। जिन्होंने कम अंक प्राप्त किए हैं उन्हें अधिक 'परसेंटाइल' मिला है और जिन्होंने अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें कम 'परसेंटाइल' मिला है।' ठाकरे ने कहा कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के प्रमुख को अभी तक निलंबित क्यों नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 'परसेंटाइल' गलत तरीके से तैयार किया गया था।

पूर्व भाजपा नेता एकनाथ खडसे ने अमित शाह से मुलाकात की

दोपहर संवाददाता । मुंबई

पूर्व भाजपा नेता एकनाथ खडसे ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उनके साथ नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री एवं उनकी बहू रक्षा खडसे भी थीं। महाराष्ट्र के दिग्गज नेता एकनाथ खडसे वर्तमान में शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) में हैं। उन्होंने शाह के साथ अपनी मुलाकात के मुद्दे पर कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी और पांच मिनट की बैठक के दौरान राजनीति पर कोई चर्चा नहीं हुई। एकनाथ खडसे कहा, 'रक्षा खडसे को केंद्रीय खेल राज्य मंत्री बनाया गया है। इसलिए हम इसके लिए अमित शाह को धन्यवाद देने गए थे।'

राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा है विप चुनाव

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद में विधायक कोटे से 11 सीट के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी। प्रदेश के 288 सदस्यीय सदन में 14 सीट रिक्त होने के चलते, निर्वाचकों की संख्या 274 है, तथा विजयी उम्मीदवार के लिए कोटा 23 है। राज्य विधानमंडल के निचले सदन में एमवीए और महायुति के संख्या बल को देखते हुए, एमवीए को 11 में से दो और सत्तारूढ़ गठबंधन को नौ सीट मिल सकती हैं। कांग्रेस एक उम्मीदवार को एमएलसी के रूप में निर्वाचित करा सकती है, जबकि शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) एक उम्मीदवार को एमएलसी के रूप में निर्वाचित करा सकती हैं। भाजपा पांच उम्मीदवार को एमएलसी के रूप में निर्वाचित करा सकती है, जबकि शेष चार को सहयोगी शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लिए छोड़ सकती है।

25 जून से शुरू होंगे नामांकन

चुनाव 12 जुलाई को होने हैं और नामांकन 25 जून से शुरू होंगे।

विधान परिषद चुनाव निर्विरोध होने की संभावना

राकांपा (एसपी) के एक नेता ने कहा कि विधान परिषद चुनाव निर्विरोध होने की संभावना है क्योंकि राजनीतिक दल उच्च सदन के लिए चुनाव का जोखिम नहीं उठाना चाहेंगे। शिवसेना (यूबीटी) ने घोषणा की है कि वह चुनाव पर रोक लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी क्योंकि शिवसेना और राकांपा के कई विधायक अयोग्यता की कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। वहीं भाजपा के एक नेता ने कहा कि चुनाव तभी टाला जा सकता है जब 12वां उम्मीदवार न हो। राकांपा (एसपी) ने पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के जयंत पाटिल को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। कांग्रेस 25 जून को अपनी बैठक में यह तय करेगी कि मैदान में एक उम्मीदवार को उतारा जाए या दो को। सदन के संख्या बल के अनुसार, भाजपा के 105 विधायक, कांग्रेस के 45, (अविभाजित) राकांपा के 53 और (अविभाजित) शिवसेना के 56 विधायक थे।

किस दल के कितने विधायक ?

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 103 विधायक हैं, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के 40, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 38 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के 37 विधायक हैं, शिवसेना (यूबीटी) के 15 और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के 10 विधायक हैं। राकांपा विधायकों अशोक पवार और नवाब मलिक ने दोनों में से किसी भी गुट के समर्थन में हलफनामा नहीं दिया है। शिवसेना विधायकों संदीपन बुमरे और रवींद्र वायकर, राकांपा (एसपी) के नीलेश लंके तथा प्रतिभा धानोरकर, वर्षा गायकवाड़, बलवंत वानखड़े, प्रणीति शिंदे (सभी कांग्रेस से) हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए हैं। कांग्रेस के अशोक चव्हाण और राजू परवे इस्तीफा दे चुके हैं। कांग्रेस के सुनील केदार को अयोग्य करार दिया जा चुका है। वहीं भाजपा के गोवर्धन शर्मा, राजेंद्र पाटनी, कांग्रेस के पी एन पाटिल, शिवसेना के अनिल बाबर का निधन हो गया है।

मध्य रेल ने 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसायटी' इस वर्ष की थीम पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस वर्ष 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जिसकी थीम' योगा फॉर सेल्फ एंड सोसायटी' है। मध्य रेल के महाप्रबंधक राम करन यादव, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष चित्रा यादव, मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक चित्तरंजन स्वैन तथा मध्य रेल के प्रमुख विभागाध्यक्ष, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की कार्यकारी सदस्य और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कायाकल्प योग सत्र में भाग लिया। यह कार्यक्रम मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ।

सार्वजनिक सूचना

दिनांक : १६/०६/२०२४

इसके द्वारा सभी जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती. सोनी रंजन झा और श्री रंजन नागेंद्र झा ने श्री वेंकटगिरी नारायण चिदुरला से दिनांक १४/०५/२०२४, बिक्री दस्त नं. ७८५०/२०२४, फ्लैट नंबर 06, दूसरी मंजिल, विंग-ए, दिप कॉम्प्लेक्स, चंदन बाग, कामतघर, भिवंडी,{(No. TNA/BWI/HSG(TC)/33388/2021-22) दिनांक 14/05/2021} खरीदा गया और उनके नाम का फ्लैट मौजे - कामतघर, तालुका भिवंडी, जिला ठाणे के सर्वे नं. ४९, हिस्सा नं.८ पैकी, दिप कॉम्प्लेक्स-ए को-ओ हाउसिंग सोसाइटी नामक इमारत में स्थित है। फ्लैट को मालकी हक्क विक्रय पत्र के अनुसार श्रीमती सोनी रंजन झा एवं श्री रंजन नागेंद्र झा के पास है, परंतु किसी भी आपत्ति के लिए ७ दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

श्रीमती सोनी रंजन झा और श्री. रंजन नागेंद्र झा

फ्लेट नं.०६, दूसरा मजला, विंग-अ, दिप कॉम्पलेक्स, चंदन बाग, कामतघर, भिवंडी

संपादकीय

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण

यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं। वहीं नीति-नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन,गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। दरअसल, अनियोजित कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के निर्माण से हवा का वह स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ है जो वायु प्रदूषण रोकने में मददगार होता था। दीवाली के आसपास पराली जलाने का ठीकरा किसानों के सिरों पर फोड़कर प्रदूषण नियंत्रण की जवाबदेही से मुक्त होने का जो उपक्रम होता है, वह जगजाहिर है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है, दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं। जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। हर साल शीत ऋतु की दस्तक होने पर वायु प्रदूषण का जो बड़ा संकट राष्ट्रीय राजधानी में पैदा होता है, उसे शासन फौरी उपायों से दूर करने का प्रयास करता है। वाहनों की गुणवत्ता के मानकों पर प्रवेश, ऑड-ईवन की तर्ज पर वाहनों का चलाना, फैक्ट्रियों में उत्पादन पर रोक, निर्माण कार्य पर रोक जैसे फौरी उपायों का सहारा लिया जाता है। फिर साल भर के लिये तंत्र हाथ पे हाथ धरे बैठा रहता है। सवाल यह है कि ये नीतियां साल भर के लक्ष्य को रखकर क्यों नहीं बनायी जाती? राष्ट्रीय राजधानी के अलावा भी देश में यह संकट लगातार गहरा हो रहा है, तो विभिन्न राज्यों में दिल्ली जैसी पहल क्यों नहीं होती?

जल-संकट और पानी की सियासत

पानी के लिए भागमदौड़ उस देश की राजधानी का निरंतर दृश्य है, जो विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की प्रतिष्ठा और छवि दांव पर हैं। ऐसे निरंतर दृश्य तो हमने किसी गरीब और पिछड़े देश तक में नहीं देखे। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप क्यों नहीं करना चाहिए? हम आंकड़ों और दावों की बाजीगरी में उलझना नहीं चाहते कि दिल्ली के हक का पानी कितना है? हरियाणा कितना पानी नहरों के जरिए दिल्ली को सप्लाई करता है? अंतरराज्यीय जल वितरण समझौते का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं? ये सवाल केंद्र सरकार और सर्वोच्च अदालत के बुनियादी सरोकार होने चाहिए।

यह दुर्भाग्य, विडंबना और शर्मनाक लानत है कि देश की राजधानी दिल्ली में आम आदमी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। पानी के लिए वह भगदड़ और हाथापाई का हिस्सा बनने को तैयार है। गंदा और प्रदूषित पानी लेने को भी तैयार है। पानी किसी की बपौती नहीं है, वह राष्ट्रीय संसाधन है, जो जिंदगी के लिए सांस सरीखा ही है। जो सरकार घर-घर 'नल में जल' की हुंकारें भरती नहीं थकती, वह प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में दिल्ली में मौजूद है। देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के महलनुमा आवास भी दिल्ली में ही हैं। देश की संसद भी राजधानी से ही संचालित होती है। हालांकि उनकी दुनिया 'अति विशिष्ट' है और पानी का कोई संकट नहीं है, लेकिन जो 28 लाख दिल्लीवाले पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, उनकी पीड़ा, उनका सूखापन तो उन सभी को दिखता ही होगा! देश की सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही हैं और जल-संकट और पानी की सियासत का मुद्दा उनकी अदालत में भी पहुंचा था, लेकिन न्याय क्यों नहीं दिया गया? यदि कोई अवमानना की गई है, तो उस पक्ष को तुरंत अदालत में तलब क्यों नहीं किया गया? बेशक पानी का संकट देश के माननीय न्यायाधीशों के लिए नहीं है, लेकिन आम आदमी तो संकट में है। उसे इंसाफ कौन देगा? एक तरफ 'आम आदमी पार्टी' (आप) की सरकार है। मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में हैं। दूसरी तरफ भाजपा सरकार है। यही तो लोकतंत्र है, लेकिन दोनों पक्षों की सियासत के बीच आम दिल्लीवाला क्यों पिस रहा है? दरअसल यह राजधानी दिल्ली की सनातन समस्या है।

प्रधानमंत्री मोदी बीते 10 सालों से इसे देख-महसूस कर रहे होंगे! पानी के लिए भागमदौड़ उस देश की राजधानी का निरंतर दृश्य है, जो विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की प्रतिष्ठा और छवि दांव पर हैं। ऐसे निरंतर दृश्य तो हमने किसी गरीब और पिछड़े देश तक में नहीं देखे। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप क्यों नहीं करना चाहिए? हम आंकड़ों और दावों की बाजीगरी में उलझना नहीं चाहते कि दिल्ली के हक का पानी कितना है? हरियाणा कितना पानी नहरों के जरिए दिल्ली को सप्लाई करता है? अंतरराज्यीय जल वितरण समझौते का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं? ये सवाल केंद्र सरकार और सर्वोच्च अदालत के बुनियादी सरोकार होने चाहिए। यदि दो राज्यों के बीच ऐसे विवाद हैं, तो अदालत को उन्हें अविलंब हल करना चाहिए। शीर्ष अदालत की और क्या भूमिका हो सकती है? दिल्ली का नंगा यथार्थ यह है कि कुछ निश्चित इलाकों में, झुग्गी-झोपडियों के आसपास और अनधिकृत बस्तियों में हमने साल-दर-साल पानी के टैंकर खड़े देखे हैं। पानी के लिए हमने मार-पिटाई होते भी देखा है। भविष्य में पानी पर ही विश्व-युद्ध हो सकता है, किसी विशेषज्ञ की ऐसी भविष्यवाणी को कैसे नकारा जा सकता है? बस्तियों के ये कुकुरमुत्ते सरकारों और राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी स्वार्थ के मद्देनजर पैदा किए हैं। तो अब उन्हें पानी, बिजली, अन्य संसाधन भी मुहैया कराओ। टैंकरों से ही जाहिर है कि पानी का संकट अनवरत रहा है। इस पर न तो कांग्रेस और न ही भाजपा की सरकारों ने ध्यान दिया। घरेलू नलों के जरिए पानी की आपूर्ति पर्याप्त नहीं होगी, तो गली-गली टैंकर भेजने पड़ते हैं। अब पराकाष्ठा की स्थिति आ गई है, जब केजरीवाल सरकार की जल मंत्री आतिशी ने 21 जून से 'अनिश्चितकालीन अनशन' की घोषणा की है।

बेशक यह मजबूरी का प्रयास है, क्योंकि सभी स्तरों की बातचीत निष्फल रही है। अंततः आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी को हस्तक्षेप करने और दिल्ली को उसके हक का पानी दिलाने का विनम्र आग्रह का पत्र लिखा है। यदि प्रधानमंत्री भी कुछ नहीं कर पाए, तो आतिशी अनशन को विवश होंगी। यह भी लोकतंत्र पर आघात होगा। संभव है कि आतिशी झूठे दावे कर रही होंगी, लेकिन प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए और पानी का समुचित वितरण कराना चाहिए। बल्कि विभिन्न राज्यों के बीच पानी की आपूर्ति से जुड़े मसलों को केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के अधीन कर देना चाहिए। आखिर लाखों भारतीयों के भी मौलिक अधिकार हैं। संविधान का उल्लंघन कैसे किया जा सकता है? राजधानी दिल्ली में जल संकट इस कदर बढ़ चुका है कि लोगों को पीने के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। नहाने के लिए तथा कपड़े धोने के लिए पानी की किल्लत अलग से है। हाल में भाजपा के सात सांसद चुने गए हैं, उन्हें भी सक्रिय हो जाना चाहिए।

सहज योग

पांच तत्व का महत्व

आपका चित्त बहुत महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति जो आसानी से परेशान होता है, या आसानी से किन्ही भावनाओं अथवा बौद्धिक प्रयास या अन्य किसी बात में पड़ जाता है, वह एक गहरा व्यक्ति नहीं है।

शरीर को ठीक से बनाना है। इसे अनुशासित करना होगा। इसमें पतले या मोटे होने का कोई सवाल नहीं है, लेकिन शरीर ऐसा होना चाहिए कि आप एक गुरु के रूप में अपने उद्देश्य के लिए इसका उपयोग करने में सक्षम हों। कभी-कभी, आप पाएंगे कि आप जमीन पर नहीं सो पाते हैं, तो फिर आप जमीन पर तीन, चार दिनों के लिए सोएं, तब शरीर बहुत खुश होगा। यह एक या दो दिन तक दर्द करेगा। लेकिन अपने शरीर का अपमान न करें। यह अनुशासन का दूसरा पक्ष है। हम अपना स्नान नहीं करते हैं, हम खुद को ठीक नहीं रखते हैं। तब तुम अपने शरीर का अपमान कर रहे हो। इसकी देखभाल करो। आपको इसकी कोमलता, शरीर की सौम्यता की देखभाल करनी पड़ सकती है। इसके साथ सम्मान का व्यवहार करें। बर्बर बनकर तुम अपने शरीर का अपमान कर रहे हो। तो शरीर बहुत महत्वपूर्ण है, यह पांच तत्वों से बना है, और गुरु के रूप में हमारे भीतर इन सभी पांच तत्वों को चमचमाता हुआ होना चाहिए। मैं इसी तरह से कहती जा सकती हूं लेकिन अब आप इसके बारे में सोचें, भविष्य में, आपको अपने शरीर के साथ क्या करना है। आप अपने शरीर के भीतर स्थित पांच तत्वों का उपयोग कैसे कर सकते हैं, उन्हें साफ कर फिर सुंदर बनाएं ताकि आपका प्रकाश निखर उठे। गुरुत्वाकर्षण आप तक आपके शरीर में इस तरह से आता है कि आप अपनी शक्ति या अपने गुरुत्व के सिद्धांत, अपने निपुणता के सिद्धांत को अपने गुरुत्व के इस बिंदु के माध्यम से उत्पन्न करना शुरू करते हैं। दूसरा बिंदु यह है कि आपके चित्त में वह गुरुत्व होना चाहिए। आपका चित्त बहुत महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति जो आसानी से परेशान होता है, या आसानी से किन्ही भावनाओं अथवा बौद्धिक प्रयास या अन्य किसी बात में पड़ जाता है, वह एक गहरा व्यक्ति नहीं है। गुरु के रूप में आपके लिए प्रलोभन होंगे। लोग आपकी अवस्था को चुनौती देंगे। एक व्यक्ति बहुत बड़ा बौद्धिक सच 'या वैसा ही कुछ अन्य लेकर आता है, फिर तुरंत आपको उसके बारे में चुनौती महसूस होती है और आप कह उठेंगे ," सब ठीक है, मुझे स्थिति को संभालने दो। " इसे सहज योग बिंदु पर अपने गुरुत्वाकर्षण पर नियंत्रित करें। बस अपने गुरुत्वाकर्षण पर बैठ जाओ और खुद को देखो। तुरंत आपको पता चल जाएगा कि स्थिति को कैसे संभालना है। आपको उस व्यक्ति से बात करने की आवश्यकता नहीं है, आप स्थिति को ठीक से संभाल लेंगेः बौद्धिक स्तर पर नहीं बल्कि आपके गुरुत्व पर।

यदि चित्त में गुरुत्व है, तो यह अन्य लोगों के अहंकार और प्रति-अहंकार को नीचे खींचता है। तब आप निराश या व्यग्र नहीं होंगे।

शख्सियत | अमरीश पुरी

लोगों के दिलों पर राज करने वाले खलनायक



अमरीश पुरी का असल नाम अमरीश लाल पुरी था। वह एक प्रतिष्ठित भारतीय अभिनेता थे, जो मुख्य रूप से हिंदी फिल्मों में नकारात्मक भूमिकाओं के लिए जाने जाते रहें। उनकी सबसे यादगार भूमिकाएं थी फिल्म 'मिस्टर इंडिया' (1987) में मोगैम्बो और हॉलीवुड फिल्म इंडियाना जोन्स एंड द टेंपल ऑफ डूम (1984) में मोला राम हैं। उन्होंने चरित्र भूमिकाएं निभाईं और एक खलनायक के रूप में प्रसिद्ध हुए।

22 जून, 1932 को अमरीश पुरी का जन्म पंजाब में हुआ था। उनके पिता का नाम लाला निहाल सिंह और मां का नाम वेद कौर था। उनके चार भाई-बहन थे। चमन पुरी, मदन पुरी और बड़ी बहन चंद्रकांता और उनके छोटे भाई हरीश पुरी। अमरीश पुरी ने अपनी शुरुआती पढ़ाई पंजाब से की। उसके बाद वह शिमला चले गए। शिमला के बी एम कॉलेज से पढ़ाई करने के बाद उन्होंने पर्दे की दुनिया में कदम रखा। उन्हें रंगमंच से उनको बहुत लगाव था। एक समय ऐसा था जब अटल बिहारी वाजपेयी और स्व. इंदिरा गांधी जैसी हस्तियां उनके नाटकों को देखा करती थीं। पद्म विभूषण रंगकर्मी अब्राहम अल्काजी से 1961 में हुई ऐतिहासिक मुलाकात ने उनके जीवन की दिशा बदल दी और वे बाद में भारतीय रंगमंच के मशहूर कलाकार बन गए। 1960 के दशक का वह दौर था जब अमरीश पूरी ने रंगमंच की दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने सत्यदेव दुबे और गिरीश कर्नाड के लिखे नाटकों में अभिनय किया। रंगमंच पर शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें 1979 में संगीत नाटक अकादमी की तरफ से पुरस्कार दिया गया। यह उनके अभिनय कॅरियर का पहला बड़ा पुरस्कार था। अब बारी थी सुनहरे पर्दे की जहां फिल्मी दुनिया अमरीश पुरी का इंतजार कर रही थी। उन्होंने फ़िल्मी करियर शुरुआत साल 1971 की 'प्रेम पुजारी' से की। पुरी को हिंदी सिनेमा में टिके रहने के लिए थोड़ा स्ट्रगल करना पड़ा, लेकिन फिर कामयाबी उनके कदम चूमती गई। 1980 के दशक में उन्होंने बतौर खलनायक कई बड़ी फिल्मों में यादगार अभिनय से लोगों के दिलों में जगह बना ली। 1987 में शेखर कपूर की फिल्म 'मिस्टर इंडिया में मोगैंबो ने दमदार भूमिका निभाकर लोगों के जेहन में छा गए। 1990 के दशक में उन्होंने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे 'घायल' और 'विरासत' में अपनी सकारात्मक भूमिका के जरिए सभी का दिल जीता। उनकी अंतिम फिल्म 'किसना' थी, जो उनके निधन के बाद वर्ष 2005 में रिलीज हुई। उन्होंने कई विदेशी फिल्मों में भी काम किया। इंटरनेशनल फिल्म 'गांधी' में 'खान' की भूमिका के लिए उनकी तारीफ हुई थी। अमरीश पुरी का 12 जनवरी 2005 को 72 वर्ष के उम्र में ब्रेन ट्यूमर की वजह से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से बॉलवुड जगत के साथ-साथ पूरा देश शोक में डूब गया था। आज अमरीश पुरी इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनके अभिनय की छाप आज भी हमारे दिल में बसी हुई है।

जीवन ऊर्जा | जोसेफ विजय चंद्रशेखर : जन्म- 22 जून 1974 | जन्म

नकारात्मक स्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण रखें

जोसेफ़ विजय चंद्रशेखर का जन्म 22 जून 1974 को चेन्नई, तमिलनाडु, भारत में हुआ। उनका पूरा नाम जोसेफ़ विजय चंद्रशेखर हैं। इसके अलावा उन्हे इलैय्याथसापथी के नाम से भी जाना जाता है। वह भारतीय फ़िल्म अभिनेता, पार्श्व गायक, निर्माता और भारत में कई कंपनियों के लिए एक प्रवक्ता हैं।

जीवन चुनौतियों के बिना उबाऊ है। कठिन समय ज्यादा नहीं रहता। कठिन लोग करते हैं। घड़ी मत देखो, वह करो जो वह करती है। करते रहें। होशियार रहो! किसी को आपके प्रयासों की परवाह नहीं है, केवल परिणामों की। भागो और अपने अवसर का पीछा करो। इससे पहले कि कोई और इसे उठा ले। तूफान से चलते रहो, तुम्हारा इंद्रधनुष बाहर इंतजार कर रहा है।

मौन में कदम बढ़ाओ। सफलता शोर मचा देगी। पानी की तरह बनो, यह स्थिति के अनुसार कार्य कर सकता है फिर भी कुछ भी इसका विरोध नहीं कर सकता है। मुझे नहीं पता कि मैं कैसे जीतने जा रहा हूं। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि मैं हारने वाला नहीं हूं। यदि आप असफल हो रहे हैं, अपमानित हो रहे हैं या अस्वीकार कर दिए जा रहे हैं, तो मुस्कुराइए, तो सफलता आप पर मुस्कुराएगी। किसी को अपना प्रकाश केवल इसलिए कम न करने दें क्योंकि यह उनकी आंखों में चमक रहा है। अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए सही प्रतिक्रिया चुनें। कभी मत सोचो कि हर किसी को तुमसे प्यार करना चाहिए। कुछ नफरत करने वाले रखो, यह आपके जीवन को मजेदार बना देगा। घृणा को ईंधन के रूप में उपयोग करें और आप कभी भी ऊर्जा से बाहर नहीं निकलेंगे। नकारात्मक स्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। जब कोई आपको पसंद नहीं करता है, तो बस उन्हें देखें और मुस्कुराएं। मंजिल कैसी भी हो, उसे पाने के लिए सही रास्ते का चुनाव करना चाहिए। मेरा सर्कल इतना छोटा है, जब मेरा फोन बजता है, मुझे पहले से ही पता चल जाता है कि कौन कॉल कर रहा है।

अपनी मंजिल पाने के लिए सही दिशा का चुनाव करें। सभी के पास दो आंखें होती हैं लेकिन किसी का नजरिया एक जैसा नहीं होता। दो चीजें आपको परिभाषित करेंगी। एक है आपका संकल्प जब आपके पास कुछ नहीं है और आपका व्यवहार जब आपके पास सब कुछ है।

प्रेरक प्रसंग

सौ का नोट

एक अंधा व्यक्ति रोज शाम को सड़क के किनारे खड़े होकर भीख मांगा करता था। जो थोड़े-बहुत पैसे मिल जाते उन्हीं से अपनी गुजर-बसर किया करता था। एक शाम वहां से एक बहुत बड़े रईस गुजर रहे थे। उन्होंने उस अंधे को देखा और उन्हें अंधे की फटेहाल होने पर बहुत दया आई और उन्होंने सौ

रूपए का नोट उसके हाथ में रखते हुए आगे की राह ली। उस अंधे आदमी ने नोट को टटोलकर देखा और समझा कि किसी आदमी ने उसके साथ ठिठोली भरा मजाक किया है,क्योंकि उसने सोचा कि अब तक उसे सिर्फ 5 रुपए तक के ही नोट मिला करते थे जो कि हाथ में पकड़ने पर सौ की नोट की अपेक्षा वह बहुत छोटा लगता था और उसे लगा कि किसी ने सिर्फ कागज़ का टुकड़ा उसके हाथ में थमा दिया है और उसने नोट को खिन्न मन से कागज़ समझकर जमीन पर फेंक दिया।

एक सज्जन पुरुष जो वहीं खड़े ये दृश्य देख रहे थे, उन्होंने नोट को उठाया और अंधे व्यक्ति को देते हुए कहा, यह सौ रूपए का नोट है! तब वह बहुत ही प्रसन्न हुआ और उसने अपनी आवश्यकताएं पूरी कीं। यदि हमें जो नहीं मिला उन सबकी शिकायत करना छोड़कर, जो मिला है उसकी महत्ता को समझें,तो हमें मालूम पड़ेगा कि जो हम सबको मिला है वो कम नहीं अद्भुत है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

यादव क्षत्रिय रहे और कई प्रान्तों पर शासन किया

प्राचीन समय भारत में कभी छुआछुत रही ही नहीं और ना ही कभी जातियां भेदभाव का कारण होती थी। चलिए हजारों साल पुराना इतिहास पढ़ते हैं। सम्राट शांतनु ने विवाह किया एक मछवारे की पुत्री सत्यवती से। उनका बेटा ही राजा बने इसलिए भीष्म ने विवाह न करके आजीवन संतानहीन रहने की भीष्म प्रतिज्ञा की। सत्यवती के बेटे बाद में क्षत्रिय बन गए, जिनके लिए भीष्म आजीवन अविवाहित रहे, क्या उनका शोषण होता होगा? महाभारत लिखने वाले वेद व्यास भी मछवारे थे, पर महर्षि बन गए, गुरुकुल चलाते थे वो। विदुर, जिन्हें महा पंडित कहा जाता है वो एक दासी के पुत्र थे, हस्तिनापुर के महामंत्री बने, उनकी लिखी हुई विदुर नीति, राजनीति का एक महाग्रन्थ है। भीम ने वनवासी हिडिम्बा से विवाह किया। श्री कृष्ण दूध का व्यवसाय करने वालों के परिवार से थे, उनके भाई बलराम खेती करते थे, हमेशा हल साथ रखते थे। यादव क्षत्रिय रहे हैं, कई प्रान्तों पर शासन किया और श्री कृष्ण सबके पूजनीय हैं, गीता जैसा ग्रन्थ विश्व को दिया। राम के साथ वनवासी निषादराज गुरुकुल में पढ़ते थे। उनके पुत्र लव कुश महर्षि वाल्मीकि के गुरुकुल में पढ़े जो वनवासी थे तो ये हो गयी वैदिक काल की बात। स्पष्ट है कोई किसी का शोषण नहीं करता था, सबको शिक्षा का अधिकार था, कोई भी पद तक पहुंच सकता था अपनी योग्यता के अनुसार।

वर्ण सिर्फ काम के आधार पर थे वो बदले जा सकते थे, जिसको आज इकोनॉमिक्स में डिवीज़न ऑफ़ लेबर कहते हैं वो ही। प्राचीन भारत की बात करें, तो भारत के सबसे बड़े जनपद मगध पर जिस नन्द वंश का राज रहा वो जाति से नाई थे ।

नन्द वंश की शुरुवात महापद्मनंद ने की थी जो की राजा नाई थे। बाद में वो राजा बन गए फिर उनके बेटे भी, बाद में सभी क्षत्रिय ही कहलाये। उसके बाद मौर्य वंश का पूरे देश पर राज हुआ, जिसकी शुरुआत चन्द्रगुप्त से हुई,जो कि एक मोर पालने वाले परिवार से थे और एक ब्राह्मण चाणक्य ने उन्हें पूरे देश का सम्राट बनाया। 506 साल देश पर मौर्यों का राज रहा। फिर गुप्त वंश का राज हुआ, जो कि घोड़े का अस्तबल चलाते थे और घोड़ों का व्यापार करते थे।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सुविचार



यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

भूलभुलैया

इस बेबी एलीफेंट को जोरों की भूख लगी है. उसे समझ नहीं आ रहा कि फलों तक कैसे जल्दी पहुंचे. तुम्हें उसकी मदद करनी है, ताकि वह फलों तक जल्दी पहुंच सके. ध्यान रहे भूलभुलैया में फंसना मत.



खोजो 05 अंतर

उत्तर : 1. नीचे बलून की डोर 2. हवाई जहाज की पूंछ 3. बलून पर रही पट्टी 4. उड़ती चिड़िया 5. बादल

डॉट मिलाओ, चित्र बनाओ

इस तस्वीर में कुल 1 से 10 तक डॉट्स हैं, तुम्हें नंबर के अनुसार इन डॉट्स को मिलाना है. इन डॉट्स को पूरी तरह मिलाओ. फिर देखो कि कौन-सी आकृति बनती है. इसमें तुम रंग भी भर सकते हो.



उल्लू को न समझें उल्लू

इनकी आंखों की अद्भुत विशेषताएं खोल देंगी आपकी भी आंखें

काठ का उल्लू, उल्लू का पट्ठा, उल्लू बनाना जैसे मुहावरे तो बचपन से सुनते आए हैं। इन मुहावरों के जरिए उल्लू को बुद्धू या मूर्ख बताकर हमेशा से टारगेट किया जाता रहा है। जबकि पौराणिक कथाओं में भी उल्लू को काफी बुद्धिमान माना गया है। दिमाग के साथ उल्लू की कुछ अनोखी शारीरिक विशेषताएं भी हैं जिसे जानने के बाद दांतों तले उंगलियां अपने आप चली जाती हैं। पर इन सभी विशेषताओं में वैज्ञानिकों का ध्यान जिस खास चीज ने सबसे ज्यादा खींचा है, वह है उल्लू की आंखें। अंटार्कटिका को छोड़कर धरती पर उल्लुओं की 200 से ज्यादा प्रजातियां मौजूद हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार उल्लू ही एकमात्र ऐसा पक्षी है, जो नीले रंग को आसानी से पहचान सकता है। यहां तक कि वह किसी भी वस्तु की 3 डी इमेज की तरह लम्बाई, चौड़ाई और ऊंचाई तीनों देख सकता है। ऐसे ही हमने उल्लू की उन सभी विशेषताओं का विवरण दिया है, जो उल्लू की आंखों को अद्भुत बनाती हैं। हमें उम्मीद है उनकी आंखों की ये विशेषताएं आपकी भी आंखें खोल देगी।

दूरबीनी आंखों से करते हैं शिकार

रात में उल्लू की उपस्थिती उसकी आंखों से ही नजर आती है, जब वह घूरता हुआ नजर आता है। इस स्थिति में उसे रात में उड़ने वाले कीट-पतंगों का शिकार करने में आसानी होती है। उल्लू की आंखें इतनी बड़ी होती हैं कि वे उनकी खोपड़ी की आधी से ज्यादा जगह घेर लेती हैं। इससे उन्हें अपने आस-पास से आने वाले खतरे को पहचानने का बेहतर मौका मिलता है। उल्लूओं के पास 3-डी या ₹दूरबीन₹ जैसी नजर होती है। इसलिए वे इंसानो से 100 गुना बेहतर और 100 फीट दूर तक देख सकते हैं। साथ ही उन्हें अपने हमलों का सही समय निर्धारित करने और दूरी मापने में भी मदद मिलती है।

तीसरी पलकों का जादू

पलकों के मामले में भी उल्लू मनुष्य से आगे है। जहां मनुष्य की एक आंख में दो पलकें होती है, वहीं उल्लू की एक आंख में तीन पलकें होती हैं। इसमें से पहली पलक को वो झपकने के लिए, दूसरी पलक को नींद के लिए और तीसरी पलक वह आंखों की सफाई के लिए इस्तेमाल करता है। इस तीसरी पलक को निक्टिटेटिंग झिल्लियां कहते है। ये पारभासी 'तीसरी पलकें' उल्लू की आंखों के अंदरूनी कोने से क्षैतिज रूप से बंद हो जाती हैं। झपट्टा मारते समय ये तीसरी पलकें शिकार के मलबे से आंखों को बचाती है।

रात में करता है शिकार

उल्लू की एक और ऐसी आदत है जो उन्हें अन्य पक्षी शिकारियों से अलग करती है। यह है रात में शिकार करने की आदत। इससे ये पता चलता है कि उल्लू अंधेरे में आसानी से देख सकते हैं। बड़ी आंखें उन्हें सूरज डूबने के बाद भी देखने के लिए पर्याप्त रोशनी प्रदान करती हैं। उल्लू की आंखें उनके कुल शरीर के वजन का 5 प्रतिशत तक होती हैं। मनुष्य की ही तरह उल्लू के रेटिना में दो अलग-अलग प्रकार के लाइट-सेंसिटिव सेल होते हैं, रॉड (जो प्रकाश और गति का पता लगाती हैं) और कोन (जो रंग को अलग करती हैं)। एक रिपोर्ट की मानें तो मनुष्यों के पास प्रत्येक कोन के लिए लगभग 20 रॉड होते हैं, लेकिन उल्लुओं में एक कोन के लिए लगभग 30 रॉड होते हैं। इससे वे अंधेरा होने पर भी गति पकड़ने में असाधारण रूप से अच्छे होते हैं। उल्लू की आंख की रॉड-पैक रेटिना के पीछे एक और परत होती है, जिसे टेपिटम लुसिडम कहा जाता है। ये रेटिना के माध्यम से गुजरने वाले किसी भी प्रकाश को पकड़ती है और इसे उन संवेदनशील रॉड पर वापस उछाल देती हैं।

एकटक देखता है उल्लू

उल्लुओं के पास विशेष हड्डी की संरचनाएं होती हैं जिन्हें स्क्लेरोटिक रिंग कहा जाता है जो इन विशाल आंखों की संरचनाओं को सहारा देती हैं और उन्हें जगह पर स्थिर रखती हैं। कठोर होने के कारण ये उल्लू को अपनी आंखें हिलाने से रोकते हैं। आप अपना सिर स्थिर रखते हुए अपनी आंखों को बाईं या दाईं ओर घुमा सकते हैं, लेकिन उल्लू की आंखें अपनी जगह पर स्थिर होती हैं। ये सीधे आगे की ओर इशारा करती हैं। इससे लगता है कि वे एकटक आपको देख रहे हैं। इसके साथ ही अपने सिर को चारों ओर नहीं घुमा सकते हैं, लेकिन वे उन्हें किसी भी दिशा में 270 डिग्री (एक पूर्ण चक्र के तीन चौथाई) के साथ-साथ 90 डिग्री ऊपर और नीचे घुमा सकते हैं।

क्या सच में उल्लू को दिन में नहीं दिखाई देता

लोगों के बीच आम गलतफहमी है कि उल्लुओं को दिन में दिखाई नहीं देता। इसका मतलब है कि वे दिन के उजाले में अंधे होते हैं। पर यह बिल्कुल सच नहीं है! एक अध्ययन से पता चला है कि उल्लू की पुतलियां हमारी तरह ही तेज रोशनी में सिकुड़ सकती हैं। वे प्रत्येक आंख की पुतली को स्वतंत्र रूप से फैला और सिकोड़ सकते हैं। इससे उन्हें प्रत्येक आंख में रेटिना पर कितना प्रकाश पड़ता है, इस पर आश्चर्यजनक नियंत्रण मिलता है। वैसे उल्लू की कुछ प्रजातियां रात की तुलना में दिन के दौरान अधिक सक्रिय होती हैं। 2018 के एक अध्ययन में पाया गया कि, कुल मिलाकर, रात में रहने वाले उल्लुओं की आंखें काली होने की संभावना अधिक होती है, जबकि दिन के समय या शाम के समय सक्रिय रहने वाले उल्लुओं की आंखें नारंगी या पीली होने की अधिक संभावना होती है।

- नीलम रामअवध

राजा और मूर्ख बंदर

बाल कहानी

बहुत पुरानी बात है, एक राजा के पास पालतु बंदर था। राजा उस बंदर पर बहुत विश्वास करता था, क्योंकि वह बंदर राजा का भक्त था। बंदर राजा की पूरे मन से सेवा करता था, लेकिन बंदर बिल्कुल मूर्ख था। उसे कोई भी काम ठीक से समझ नहीं आता था। राजा जब भी विश्राम करता बंदर उसकी सेवा के लिए हाजिर हो जाता था। उसके लिए हाथ पंखा चलाता था। एक दिन की बात है, जब राजा सो रहा था और बंदर उसके लिए पंखा झल रहा था, तभी एक मक्खी भिन भिनाते हुए राज के ऊपर आकर बैठ जाती है। बंदर उस मक्खी को पंखे से बार-बार भागने की कोशिश करता है, लेकिन मक्खी उड़कर कभी राजा की छाती पर, कभी सिर पर, तो कभी जांघ पर जाकर बैठ जाती थी। मूर्ख बंदर काफी समय तक ऐसे ही मक्खी को भागने की कोशिश करता रहा, लेकिन मक्खी वहां से जाने का नाम ही नहीं ले रही थी। यह देखकर बंदर को क्रोध आ जाता है और वह पंखा छोड़कर तलवार निकाल लेता है। जब मक्खी राजा के माथे पर बैठती है, तो बंदर तलवार लेकर राजा की छाती पर चढ़ जाता है। यह देख कर राजा काफी डर जाता है। फिर मक्खी माथे से उड़ जाती है, तो बंदर उसे मारने के लिए हवा में तलवार चलता है। इसके बाद मक्खी राजा के सिर पर जाकर बैठ जाती है, तो बंदर के तलवार से राजा के बाल कट जाते है और जब मूंछ पर बैठती है, तो मूंछ कट जाती है। यह देख राजा कमरे से जान बचाकर भागता है और बंदर तलवार लेकर उसके पीछे भागता है। इससे पूरे महल में उथल-पुथल मच जाती है।

कहानी से सीख

इस कहानी से यह सीख मिलती है कि किसी मूर्ख को ऐसा काम न सौंपे, जो बाद में आपके लिए ही खतरा उत्पन्न कर दें।

बाल कविताएं

तितली

बार-बार मैं पकड़ूं तितली
पकड़ में मेरे न आती है
हाथ लगाता, ज्यों ही त्यों
फुर्र से वह उड़ जाती है
चाहूं पकड़ कर मुट्ठी में
झटपट मैं बंद कर लूं
मेरी आहट जाये समझ
कितना भी मैं धीरे चलूं
रंग-बिरंगी ये तितलियां
मेरे मन को खूब भाती हैं
दौड़-दौड़ कर थक जाऊं
मेरे पकड़ में न आती हैं.

देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव

कुहरा

सर्दी आयी, कुहरा छाया
कुहरे ने सूरज को दुबकाया
सारी चीजें धुंधली दिखतीं
हमको कुछ भी समझ न आया
हरियाली पर ओस बिछी है
मोती जैसी सुबह सजी है
खूब बढ़ाये शीत कुहासा
धुआं-धुआं सी हवा हुई है
ले लो कंबल और रजाई
ठिठुरन दूर भगाओ भाई
तेज धूप खाता है कुहरा
सबने अंगीठी सुलगाई
कितना हुआ प्रदूषण देखो
उड़े हवा में कण-कण देखो
कुहरा बनकर छाने लगता
सर्द सुबह में क्षण-क्षण देखो.

अंकित शर्मा

यदि होता पक्षी

यदि होता पक्षी जंगल का
सुंदर गीत मैं गाता
सुबह-सबेरे उठकर मैं
अपने मन को उड़ जाता
दिन भर मैं मेहनत करता
मन इच्छित
थोड़ा-थोड़ा खाता
जब चाहता मैं उड़ जाता
जब चाहता सुस्ताता
सांझ हुई मैं घर को आता
बच्चों को चुग्गा खिलाता
परिजनों से बातें करता
चिंता मुक्त
हंसता-मुस्काता
चहक-चहककर
फुदक-फुदककर
सबके संग मन बहलाता.

सतीश बब्बा

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी।

वृष व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें।

मिथुन आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें।

कर्क तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा।

सिंह रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी।

कन्या अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

तुला राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा।

वृश्चिक वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

धनु मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

मकर लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

कुंभ संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

मीन मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

कौन से ग्रह आपके जीवन को प्रभावित करते हैं ?



गुरु वृहस्पति की भी दो राशि है धनु और मीन। कुंडली में गुरु के अशुभ प्रभाव में आने पर सिर के बाल झड़ने लगते हैं। परिवार में बिना बात तनाव, कलह-क्लेश का माहोल होता है। सोना खो जाता या चोरी हो जाता है। आर्थिक नुकसान या धन का अचानक व्यय,खर्च संभालता नहीं, शिक्षा में बाधा आती है। अपयश झेलना पड़ता है। वाणी पर सयम नहीं रहता।

>> ये करें-

उपायः ब्राह्मण का यथोचित सामान करें। माथे या नाभी पर केसर का तिलक लगाएं। कलाई में पीला रेशमी धागा बांधे। संभव हो तो पुखराज धारण करें अन्यथा पीले वस्त्र या हल्दी की खड़ी गांठ साथ रखें। कोई भी अच्छा कार्य करने के पूर्व अपना नाक साफ करें। दान में हल्दी, दाल, पीतल का पत्र, कोई धार्मिक पुस्तक, 1 जोड़ा जनेऊ, पीले वस्त्र, केला, केसर,पीले मिष्ठान, दक्षिणा आदि दें। विष्णु आराधना करे।

।। ॐ बृं बृहस्पतये नमः।।

का 108 बार नित्य जाप करना श्रेयस्कर होता है।

शुक्रः शुक्र भी दो राशिओं का स्वामी है,वृषभ और तुला। शुक्र तरुण है, किशोरावस्था का सूचक है, मौज मस्ती,घूमना फिरना,दोस्त मित्र इसके प्रमुख लक्षण है।

कुंडली में शुक्र के अशुभ प्रभाव में होने पर मन में चंचलता रहती है, एकाग्रता नहीं हो पाती। खान पान में अरुचि, भोग विलास में रूचि और धन का नाश होता है। अंगूठे का रोग हो जाता है। अंगूठे में दर्द बना रहता है। चलते समय अंगूठे को चोट पहुंच सकती है। चर्म रोग हो जाता है। स्वप्न दोष की शकियत रहती है।

>> ये करें

उपाय : मां लक्ष्मी की सेवा आराधना करें। श्री सूक्त का पाठ करें। खोए के मिष्ठान व मिश्री का भोग लगाए। ब्रह्मण ब्रह्मणि की सेवा करें। स्वयं के भोजन में से गाय को प्रतिदिन कुछ हिस्सा अवश्य दें। कन्या भोजन कराए। ज्वार दान करें। गरीब बच्चों व विद्यार्थिओं में अध्यन सामग्री का वितरण करें। निःसहाय, निराश्रय के पालन-पोषण का जिम्मा ले सकते हैं। अन्न का दान करे।

ॐ शुं शुक्राय नमः का 108 बार नित्य जाप करना भी लाभकारी सिद्ध होता है।

शनिः शनि की गति धीमी है। इसके दूषित होने पर अच्छे से अच्छे काम में गतिहीनता आ जाती है। कुंडली में शनि के अशुभ प्रभाव में होने पर मकान या मकान का हिस्सा गिर जाता या क्षतिग्रस्त हो जाता है। अंगों के बाल झड़ जाते हैं। शनिदेव की भी दो राशिया है, मकर और कुंभ शरीर में विशेषकर निचले हिस्से में (कमर से नीचे) हड्डी या स्नायुतंत्र से सम्बंधित रोग लग जाते हैं। वाहन से हानि या क्षति होती है। काले धन या संपत्ति का नाश हो जाता है। अचानक आग लग सकती है या दुर्घटना हो सकती है।

प्रियंका जैन
9769994439

खबर संक्षेप

कोटे की दुकान से मिली चीनी में यूरिया के दाने

बाराबंकी। बाराबंकी में कोटे की दुकान से लाई गई चीनी मे यूरिया के दाने दिखाने से हड़कंप मच गया। रामनगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत नहामऊ मे इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की। जिस पर जिला पूर्ति विभाग द्वारा आनन-फानन पूर्ति निरीक्षक को भेज कर मामले की जांच कराई गई। पांच कार्डधारकों को चीनी बदल कर दी गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद कोटेदार व आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को नोटिस दी जाएगी।

कट्टा और कारतूस के साथ 3 अपराधी गिरफ्तार

भागलपुर। जगदीशपुर थाना अंतर्गत कमालचक मुस्तफापुर जाने वाले रास्ते पर लोहा पुल पर कट्टा और तीन कारतूस के साथ तीन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की तीन बदमाश लोहा पुल के समीप किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हरबे हथियार के साथ जुटा हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर गणेश कुमार, अवर निरीक्षक रामचंद्र यादव, अमरजीत कुमार, प्रक्ष्यिमान अवर निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के साथ बुधवार की देर रात छापेमारी की। पुलिस वाहन को देखते ही आरोपित युवक भागने लगा।

राजस्थान में प्री मानसून की पहली मूसलाधार बारिश

जयपुर। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से शुक्रवार को हाड़ौती अंचल में प्री मानसून की पहली झमाझम बारिश हुई। कोटा शहर के कई इलाकों में घरों दुकानों में पानी भर गया। नगर निगम की व्यवस्था की पोल खुल गई। भामाशाह मंडी में किसानों का 30 हजार बोरी माल भीग गया। किसान का कैलाश ने बताया कि उनके बारिश के चलते उनके चने भी गए और कुछ चने पानी के साथ ही बह गए। कानपुर क्षेत्र के नंद बिहारी ने बताया है कि उनकी दस बोरी सरसों पानी में बह गई। कई किसानों के लहसुन, गेहूं की बोरियां भी भीग गई। बारिश के चलते किसानों के अरमान पानी में बह गए। इससे पहले इससे पहले सुबह 11 बजे बादल छाए। तेज अंधड़ चला। इसे कहीं इलाकों में पेड़ गिर गए। उसके बाद तेज गर्जना के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश का दोपहर 1:30 बजे तक चलती रही।

कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकानों पर ईडी की रेड

रांची। झारखंड की रांची में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने एक बार फिर दबिश डाली है। रांची के सदर थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकानों पर शुक्रवार को ईडी ने छापेमारी की।

नेटवर्क कंपनी की आड़ में यौन शोषण मामला

तेज हुई छापेमारी, हाजीपुर स्थित ऑफिस में भी होगी छानबीन

एजेंसी । मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में नेटवर्क मार्केटिंग की जाल में बेरोजगार लड़के-लड़कियों को फंसाकर उनसे शोषण करने के मामले में कार्रवाई अब और तेज हो गयी है। कंपनी के डायेक्टर समेत 8 नामजद आरोपितों की धरपकड़ के लिए एसआइटी की टीम ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। बिहार के कई जिले व बाहरी राज्यों में भी पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। कंपनी के हॉस्टल में युवकती को बेल्ट से पिटाई करने का एक वीडियो वायरल होने के बाद मामला गरमाया हुआ है।

सारण की युवती ने लगाए गंभीर आरोप

सारण जिले की एक युवती ने इस पूरे मामले को सामने लाया है। पीड़िता ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। पुलिस अब इस कंपनी के हाजीपुर स्थित दफ्तर में जाकर छानबीन करने वाली है। सिटी एसपी ने इस मामले में जानकारी दी है कि पीड़िता ने जबरन शादी करने व पत्नी बनाकर रखने की बात कही है। उसे जहां रखा गया था, पुलिस वहां भी जाएगी। इस कार्यालय में जितने कर्मी काम करते थे, उनका भी पता लगाया जाएगा।

अपनी धौंस दिखाता रहा है सीएमडी

इस नेटवर्क कंपनी का सीएमडी मनीष सिन्हा है। उसने अपने फेसबुक आइडी पर हाल में ही एक केंद्रीय मंत्री व एक जिले के डीएम के साथ अपनी तस्वीर लगायी थी। फेसबुक पर वह कई बड़े- बड़े राजनेता, पुलिस व प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ अपनी तस्वीर लगाता था। अपना दबदबा दिखाने के लिए दबंग व्यक्ति के घर में किराये पर वह कमरा लेता था।

चाचा-भतीजे के शव मिलने से फैली सनसनी

कोटा। राजस्थान के कोटा जिले में डबल मर्डर का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सांगोद थाना क्षेत्र में सांगोद-कोटा सड़क मार्ग पर शुक्रवार सुबह चाचा-भतीजे के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। चौंकाने वाली बात ये रही कि हत्या को हादसे का रूप देने की कोशिश की गई। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही सांगोद एसएचओ हीरालाल पूनिया सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों शवों को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस के मुताबिक सांगोद में मालवाबड़ी के पास सुबह दो लोगों के शव क्षत विक्षत हालत में पाए। शवों के पास ही सड़क किनारे पर बाइक भी पड़ी हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि हत्याकांड को हादसे का रूप देने की कोशिश की गई है। मृतक का नाम अशोक और रवि कुमावत है, जो सांगोद के रहने वाले है। दोनों मृतक रिश्ते में चाचा भतीजे बताए जा रहे हैं।

बाइक सवारों को लापरवाही पड़ी भारी

सड़क हादसों में 5 लोग जख्मी, एक की हालत गंभीर

एजेंसी । औरंगाबाद

बिहार के औरंगाबाद में शुक्रवार को अलग-अलग सड़क हादसे में पांच लोग जख्मी हो गए। रफीगंज-शिवगंज पथ में चातर पंप के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिसमें चार लोग घायल हो गये। जबकि रफीगंज-कासमा पथ में साहो करमा मोड के पास एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और बाइक सवार जख्मी हो गया।

पहला हादसा : दो बाइक की आमने-सामने टक्कर

मिली जानकारी के अनुसार टकरा गांव निवासी संजय दास के पुत्र सौरभ कुमार,जितेंद्र यादव के पुत्र सुमित कुमार,विरेंद्र शर्मा के पुत्र निर्भय कुमार एक ही बाईक से अपने घर लौट रहे थे।इसी बीच विपरित दिशा से नीमा वाजिद गांव के फिरोज शाह के पुत्र मो साबिर शाह बाइक से जा रहा था।पेट्रोल पंप के समीप दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी,जिसमें चारों घायल हो गये।

दूसरा हादसा : सडक दुर्घटना में एक घायल, रेफर

रफीगंज-कासमा पथ में साहो करमा मोड के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल की पहचान गोह थाना क्षेत्र के बाजार बर्मा गांव निवासी दिलीप यादव के पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। जानकारी मिली कि मुन्ना शादी का कार्ड बांटने कासमा की ओर जा रहा था । साहो करमा मोड के समीप बाइक अनियंत्रित हो गयी। इधर सड़क से गुजर रहे लोगों के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

बांसवाड़ा में 500 भेड़ें और गधों की चोरी

एजेंसी । बांसवाड़ा

बांसवाड़ा में भेड़-बकरियां चराने वाले चरवाहों की रेवड़ से भेड़ें एवं गधों की चोरी पर आक्रोशित रेबारी समाजजन जिला कलक्ट्रेट पहुंचे और आईजी, संभागीय आयुक्त एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा। चरवाहों ने बताया कि जिलेभर में बीते 4-5 माह में करीब 20 से अधिक जगहों से 500 भेड़ें चोरी हो चुकी हैं। रेवड़ों से लगातार भेड़ें चोरी होने और चोरी हुई भेड़ें घर तक लाकर पुलिस को बताने के बावजूद कार्यवाही नहीं होने का पुलिस पर आरोप लगाया गया है। 2 माह पहले भचड़िया पाड़ा में 60 भेड़ें, लोहारिया में 4 जून को 35 भेड़ें, डांगपाड़ा सदर थाने के पास 40 भेड़ें, सुंदनी से 23 भेड़ें, परतापुर नवागांव से 30 भेड़ें, चिड़ियावासा बड़लिया टोल नाका के पास 17 जून की रात, 12 जून को बदलिया टोल नाका पर, जौलाना में 8 दिन पहले 25 भेड़ें, मलाना में 10 भेड़ें चोरी हुई थी।

किशोरी के साथ दुकानदार और उसके दो दोस्तों ने किया दुष्कर्म

एजेंसी । भदोही

भदोही में दुकान पर सामान लेने आई किशोरी के साथ दुकानदार और उसके दो साथियों ने गैंगरेप किया है। आरोपियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने के साथ ही वीडियो भी बनाया। किसी को न बताने की धमकी भी दी। डरी सहमी किशोरी ने किसी को बताया नहीं। इसी बीच उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया गया। वीडियो परिजनों के पास पहुंचा तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर तीनों के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। मामला गोपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो भी बनाया

घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक जून को किशोरी गांव स्थित किराना की दुकान पर आलू प्याज लेने के लिए गई थी। दुकान पर मौजूद दुकानदार के साथ उसके दो साथी किशोरी को जबरन बगल स्थित कमरे मे खींच ले गए। वहां तीनों ने बारी-बारी से किशोरी के साथ रेप किया और ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो भी बना लिया। किशोरी को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि किसी को जानकारी देने का अंजाम बुरा होगा। डरी सहमी किशोरी ने इसकी जानकारी किसी को नही दी। इधर मनबढ़ युवकों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी परिजनो को हुई तो हैरान रह गए। पीड़िता के पिता ने शिकायत की तो आरोपी जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पुलिस से गुहार लगाई गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी दुकानदार आयुष व उसके साथी नमन व अरशद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोचिंग में पढ़ने आए युवक पर चाकू से हमला

एजेंसी । छपरा

छपरा के नगर थाना क्षेत्र के जगदम कॉलेज ढाला के समीप आइएसीटी इंस्टिट्यूट में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा एक छात्र को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल मढौरा थाना क्षेत्र के रामपुर खोरम गांव निवासी महेश राय का पुत्र सचिन कुमार बताया जाता है। इस संदर्भ में घायल ने बताया कि गुरुवार को भी इंस्टीट्यूट के समीप कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों के द्वारा गाली-गलौज की गयी थी। जिसके बाद से शुक्रवार को एक गुट बनाकर करीब 10 से 15 की संख्या में लोग हाथों में डंडे व पत्थर लेकर इंस्टीट्यूट के समीप पहुंचे और मुझे देखते ही गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दिये। वहीं घटना के बाद सभी फरार हो गये। घायल होने के बाद अन्य छात्रों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने स्थिति को नाजुक बताया।

नीट पेपर लीक में आया रवि अत्री का नाम

एजेंसी । पटना

नीट पेपर लीक मामले में रोजाना नए खुलासे होते जा रहे हैं। अब इस केस में रवि अत्री गैंग का नाम सामने आया है। रवि अत्री फिलहाल उत्तर प्रदेश की मेरठ जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि उसके गैंग ने पटना और नालंदा के बॉर्डर से नीट परीक्षा का पेपर लीक करवाया था।

मेरठ जेल में बंद है यूपी पुलिस भर्ती लीक का मास्टरमाइंड

उसका नाम यूपी में कई परीक्षाओं के पेपर लीक में पहले आ चुका है। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक का वह मास्टरमाइंड है। रवि अत्री का नीट पेपर लीक में सामने आया है। बिहार ईओयू के इस बारे में सबूत मिले हैं। पटना और नालंदा बॉर्डर से पेपर लीक कराया गया था। उसके बिहार में दो गुर्गे हैं, इनका नाम अतुल वत्स और संजीव मुखिया है। अतुल मूलरूप से जहानाबाद जिले का रहने वाला है, वो फरार है। संजीव मुखिया को ईओयू गिरफ्तार कर चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक पटना और नालंदा की सीमा से नीट का पेपर लीक होने के सबूत ईओयू को मिले हैं। बताया जा रहा है कि परीक्षा से एक दिन पहले ही सॉल्वर गैंग को नीट का पेपर मिल गया था। पटना के एक स्कूल और हॉस्टल में नीट अभ्यर्थियों को जमा कर उनसे प्रश्न पत्र रटवाया गया। रांची के भी एक कॉलेज में छात्रों से पेपर हल करवाने की जानकारी सामने आई है।

किसान सम्मान निधि के दुरुपयोग की आशंका

एजेंसी । जयपुर

किसानों के सम्मान के रूप में दी जाने वाली निधि में फर्जीवाड़े की आशंका को लेकर केन्द्र सरकार सजग हो गई है। सम्मान निधि के पात्र किसानों का सरकार की ओर से हर जिले में भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरीफिकेशन) करवाया जाएगा। वेरीफिकेशन के लिए स्टेट नोडल अधिकारी ने सभी राज्यों के कलक्टर को केंद्र सरकार से आई सूची भेजी है। इसको रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से संबंधित जिले में पात्र व अपात्र किसानों की सूची तहसील स्तर पर भेजा जाएगा। फिजिकल वेरीफिकेशन तहसील कर्मचारियों को तीन दिन में करना होगा। वेरीफिकेशन के बाद सूची को अपडेट करके स्टेट नोडल अधिकारी के जरिए किसान कल्याण बोर्ड के पास भेजा जाएगा। वेरीफिकेशन के बाद ही पात्र किसानों को सम्मान निधि की आगामी किस्त जारी की जाएगी। प्रदेश में छह लाख 41 हजार से ज्यादा और सीकर जिले में करीब 21 हजार किसानों की पात्रता के फिजिकल वेरीफिकेशन होना है।

व्यापार जगत

शेयर बाजार में दर्ज हुई बड़ी गिरावट

सेंसेक्स 269 अंक टूटकर बंद

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। सेंसेक्स 269 अंक की गिरावट के साथ आज 77,209.90 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 65 अंक फिसलकर 23,501.10 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 7 अंक की बढ़त के साथ 15,623.80 अंक पर बंद हुआ।

सोना-चांदी की कीमत हुई मामूली बढ़त

सोने-चांदी की कीमतों में 20 जून को तेजी है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 810 रुपए बढ़कर 73,250 रुपए पर पहुंच गया है। कल इसके दाम 72,440 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं एक किलो चांदी 1,500 रुपए बढ़कर 94,000 रुपए में बिक रही है। इस साल सोने के दाम 9380 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके हैं। साल की शुरुआत में ये 63,870 रुपए पर था। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 72,160 रुपए प्रति किलो पर थी। यानी, चांदी इस साल 21,840 रुपए बढ़ चुकी है। कल भी चांदी 1,500 रुपए बढ़ी थी।

ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज ग्रांउल्स इंडिया, PVR INOX और हैवेल्स इंडिया ने क्रमश: 3 .89 फीसदी, 3 .84 फीसदी और 3 .78 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। वोडाफोन-आइडिया और एस्कॉर्ट कुबोटा के शेयरों में भी क्रमश: 3 .69 फीसदी और 3 .48 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। चंबल फर्ट, GNFC, कोरोमंडल इंटरनेशनल, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज और मैरिको क्रमश: 7 .30 फीसदी, 6 .49 फीसदी, 5 .71 फीसदी, 3 .14 फीसदी और 2 .96 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।

4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

- **दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,400 रुपए है।
- **मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,250 रुपए है।
- **कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 67,150 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 73,250 रुपए है।
- **चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,970 रुपए है।
- **भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,300 रुपए है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने जेरॉक्स के साथ किया समझौता

AI के साथ तकनीक बदलने में करेगी मदद

दोपहर संवाददाता । मुंबई

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) ने क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का उपयोग करके अपनी IT तकनीक को बदलने के लिए जेरॉक्स के साथ एक समझौता किया है। TCS ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा है कि वह जेरॉक्स के लिए एक नया चुस्त, क्लाउड-फर्स्ट ऑपरेटिंग मॉडल विकसित करेगी। भारतीय टेक दिग्गज कंपनी ने यह भी कहा है कि टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए परिचालन में सुधार किया जाएगा।

TCS कैसे करेगी जेरॉक्स का सहयोग?

TCS समझौते के तहत व्यवसाय परिणाम को बेहतर बनाने के लिए जेरॉक्स की प्रौद्योगिकी सेवाओं को एकजुट करेगी, जटिल लिगेसी डाटा सेंटर्स को अज्योर सार्वजनिक क्लाउड पर माइग्रेट करेगी। इसके साथ ही TCS व्यवसाय प्रक्रियाओं को बदलने के लिए क्लाउड-आधारित डिजिटल ERP प्लेटफॉर्म तैनात करेगी और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GenAI) को शामिल करेगी। TCS में सॉफ्टवेयर और सेवाओं के अध्यक्ष वी राजन्ना ने कहा, 'कंपनी 2 दशक से अधिक समय से जेरॉक्स के साथ सहयोग और सह-नवाचार यात्रा पर है।'

समझौते को लेकर जेरॉक्स ने क्या कहा?

समझौते को लेकर जेरॉक्स के मुख्य सूचना अधिकारी टीनो लैंसेलोटी ने कहा है कि डिजिटल परिवर्तन पहल अपने ऑपरेटिंग मॉडल को फिर से तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण है। इससे भौगोलिक पेशकश और परिचालन को सरल बनाया जा सकता है और ग्राहकों के अनुभव को बदला जा सकता है। लैंसेलोटी ने कहा, 'हमारा मानना है कि TCS अपने अनुभव को देखते हुए जेरॉक्स के भीतर और पूरे देश में जटिल कार्यक्रम को पूरा करने के लिए सही भागीदार है।'

वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की शुरुआत

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को यहां वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत की। नीलामी के 10वें दौर में 67 कोयला खानों को शामिल किया गया है। कोयला मंत्रालय के अनुसार, इस कदम से घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ेगा और देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कोयला आयात घटाने और

इसका उत्पादन बढ़ाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि पिछले नौ दौर की नीलामी में 107 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है।

24 जून को सेंसेक्स में शामिल होगा अडाणी पोर्ट्स

मुंबई। अडाणी पोर्ट्स के शेयर 24 जून से BSE सेंसेक्स पर कारोबार करेंगे। अडाणी ग्रुप की कंपनी विप्रो की जगह लेगी। समय-समय पर 30 शेयरों वाले इंडेक्स सेंसेक्स में बदलाव किया जाता है। इसी के तहत अडाणी पोर्ट को सेंसेक्स में शामिल और विप्रो को बाहर किया जा रहा है। अडाणी ग्रुप की कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स पहली कंपनी है जिसे सेंसेक्स में शामिल किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के निफ्टी 50 में अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी पोर्ट्स दोनों ही शामिल हैं।

अडाणी पोर्ट्स 6 महीने में 45 .77% चढ़ा, विप्रो केवल 13%

अडाणी पोर्ट्स का शेयर 1.12% की तेजी के साथ 1,485 .70 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। बीते 6 महीने में शेयर ने 45% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में शेयर के दाम करीब दोगुने हो चुके हैं। 749 रुपए से चढ़कर ये शेयर 1485 रुपए पर पहुंच गया है। विप्रो का शेयर 0 .010% की तेजी के साथ 490 .55 के स्तर पर बंद हुआ। बीते 6 महीने में शेयर ने केवल 13% रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में शेयर के 27% से ज्यादा बढ़ चुके हैं। 385 रुपए से चढ़कर ये शेयर 490 रुपए पर पहुंच गया है।

देश की टॉप 30 कंपनियों को ट्रैक करता है सेंसेक्स

सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क इंडेक्स है, जो देश की टॉप 30 कंपनियों को ट्रैक करता है। सेंसेक्स का कैलकुलेशन फ्री-फ्लोट कैपेटलाइजेशन के आधार पर किया जाता है। समय-समय पर सेंसेक्स के शेयरों में बदलाव होता रहता है। इसके लिए हर छह महीने पर रिव्यू होता है और फिर उसके आधार पर फैसला होता है।

जेप्टो ने जुटाया 5,554 करोड़ का निवेश

मुंबई। क्विक डिलीवरी स्टार्टअप जेप्टो ने 3.6 अरब डॉलर (लगभग 300 अरब रुपये) के मूल्यांकन पर 66.5 करोड़ डॉलर (लगभग 5,554 करोड़ रुपये) की फंडिंग जुटाई है। कंपनी ने एक बयान में कहा है कि मौजूदा निवेशकों ग्लेड ब्रूक, नेक्सस और स्टेपस्टोन ने गुडवाटर और लैची ग्रूम के साथ मिलकर इस राउंड का नेतृत्व किया। बता दें कि कंपनी अपने स्टोर्स की संख्या दोगुनी करने पर विचार कर रही है और अगले साल IPO भी लाने वाली है। वाई कॉम्बिनेटर समर्थित स्टार्टअप ने अगस्त, 2023 में स्टेपस्टोन ग्रुप, गुडवाटर कैपिटल और अन्य निवेशकों से 1.4 अरब डॉलर (लगभग 116 अरब रुपये) के मूल्यांकन पर 23.1 करोड़ डॉलर (लगभग 1,929 करोड़ रुपये) जुटाए थे। जेप्टो के सह-संस्थापक और CTO कैवल्य वोहरा ने कहा, 'नए दौर की फंडिंग के साथ हम इंजीनियरिंग, उत्पाद, विकास, वित्त, संचालन और श्रेणी प्रबंधन में शीर्ष प्रतिभाओं को नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं।'

बांग्लादेश पर जीत से भारतीय टीम को ग्रुप एक से शीर्ष दो में रहना हो जाएगा तय

सेमीफाइनल पर टीम इंडिया की निगाह

एजेंसी । नॉर्थ साउंड

टीम इंडिया शनिवार को जब बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ मुकाबले में उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए सेमीफाइनल का दावा पुख्ता करने का होगा। विजय से भारत का ग्रुप एक से शीर्ष दो में रहना तय हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले रोहित चाहेंगे कि उसके स्टार बल्लेबाज फॉर्म में रंग में लौट आएं। रोहित एंड कंपनी उलटफेर करने में माहिर बांग्लादेश को हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी।

गेंद के बाद हार्दिक का बल्ला भी बोला

गेंद से धमाल मचा रहे हार्दिक ने अफगानिस्तान के खिलाफ बल्ले से भी कमाल दिखाया। उनका फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप को पहले ही मुकाबले में प्रभावी साबित हुए।

नंबर गेम

- 4 मुकाबले विश्व कप में दोनों टीमों ने खेले हैं। भारतीय टीम ने सभी में बांग्लादेश को पटखनी दी है
- 5 साल से इस टीम के खिलाफ अजेय है भारतीय टीम। उसे एकमात्र और पिछली हार 2019 में सात विकेट से मिली थी
- 30 रन दूर हैं कोहली विश्व कप में 1200 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बनने से। वह 31 मैच में 1170 रन बना चुके हैं

विराट बढ़ा रहे चिंता

खिताब की दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। रोहित चार पारियों में 25.33 की औसत से 76 तो कोहली 7.25 की औसत से सिर्फ 29 रन बना पाए हैं। यह दोनों टीम को बड़ी शुरुआत दिलाना चाहेंगे।

दुबे भी बेदम

बाएं हाथ के बल्लेबाज दुबे को बीच के और डेथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में रखा गया था पर वह भी बेदम रहे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाए। अब एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है। वह सिर्फ 44 रन बना पाए हैं।

आमने-सामने

कुल मैच :	13
भारत जीता :	12
बांग्लादेश जीता :	1

रोहित और कोहली लौटना चाहेंगे फॉर्म में

बांग्लादेश को चाहिए जीत

बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है। उसे उम्मीदें बनाए रखने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। हार उसका सफर खत्म कर देगी। उसे टीम में पावर हिटर्स की कमी खल रही है। सलामी बल्लेबाज लिटन और तंजीद के खराब प्रदर्शन ने भी उसकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाजों के सामने चुनौती बुमराह का सामना करने की है जो अब तक बेहतरीन फॉर्म में हैं और उनका इकॉनॉमी रेट 3.46 रहा है।

पंत-सूर्य पर दारोमदार

पंत भले ही अभी तक पचासा नहीं ठोक पाए हैं पर लगातार रन बनाकर टीम की जीत के अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह 38.66 की औसत से 116 रन बनाकर टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वही सूर्य ने पिछले लगातार दो मैच में अर्धशतक ठोक कर टीम को जीत दिलाई। वह 37.33 की औसत से 112 रन बना चुके हैं। इन दोनों से टीम को बड़ी पारियों की उम्मीद होगी।

कमिंस की हैट्रिक और जांपा की फिरकी से थर्राया बांग्लादेश

ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से बाधित मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से 28 रन से जीता

एजेंसी । नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

एडम जांपा ने मध्यक्रम में तो पैट कमिंस ने डेथ ओवरों में अपनी स्विंग से बांग्लादेशी बल्लेबाजों को थर्रा दिया। कमिंस लगातार 3 गेंद में 3 विकेट लेकर मौजूदा विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। कमिंस की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से बाधित सुपर आठ के मुकाबले में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस पद्धति से 28 रन से शिकस्त दी। स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस जांपा की कहर बरपाती गेंदों के आगे बांग्लादेशी टीम टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 140 रन ही बना पाई।

संक्षिप्त स्कोर

बांग्लादेश : 140/8 : 20 ओवर (शांटो 41, तौहीद 40, लिटन 16, कमिंस 29/3, जांपा 24/2)

ऑस्ट्रेलिया : 100/2 : 11.2 ओवर (वॉर्नर 53 नाबाद, हेड 31, मैक्सवेल 14 नाबाद, हुसैन 23/2)

विश्व कप की सात हैट्रिक

खिलाड़ी	टीम	बनाम	वर्ष
ब्रेट ली	ऑस्ट्रेलिया	बांग्लादेश	2007
कुर्टिस कैंफर	आयरलैंड	नीदरलैंड्स	2021
वानिंदु हसरंगा	श्रीलंका	दक्षिण अफ्रीका	2021
कैगिसो रबाडा	दक्षिण अफ्रीका	इंग्लैंड	2021
के मेयप्पन	यूएई	श्रीलंका	2022
जोशुआ लिटिल	आयरलैंड	न्यूजीलैंड	2022
पैट कमिंस	ऑस्ट्रेलिया	बांग्लादेश	2024

वॉर्नर का नाबाद अर्धशतक

लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉर्नर (35 गेंद, 53 नाबाद) और ट्रेविस हेड (31) ने ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरुआत दिलाई। दोनों ने बिना नुकसान के पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर ऑस्ट्रेलिया ने जल्द ही हेड का विकेट गंवा दिया।

> मुझे पता नहीं था कि यह हैट्रिक है। मैंने पिछले ओवर में स्क्रीन पर देखा था और अगला ओवर आने तक मैं इसे बिल्कुल भूल गया। मैंने देखा कि स्टोइनिस डीप से ताली बजाते हुए दौड़कर आ रहा है। तभी मुझे अहसास हुआ। बहुत अच्छा लगा।'
>
> – पैट कमिंस, प्लेयर ऑफ द मैच

ली के बाद 14 साल बाद कमिंस



कमिंस पिछले 17 साल में विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने। उन्होंने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद को पवेलियन भेजा। इससे पहले 2007 में ब्रेट ली हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बने थे। यह विश्व कप की सातवीं हैट्रिक है।

चौथे ऑस्ट्रेलियाई : कमिंस टी-20 क्रिकेट में हैट्रिक लगाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई हैं। कमिंस और ली के अलावा एश्टन एगर और नाथन एलिस भी यह उपलब्धि हासिल कर चुके है।

उलटफेर में माहिर अमेरिका पर विंडीज को चाहिए बड़ी जीत

एजेंसी । ब्रिजटाउन

वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए छिपे रूस्तम अमेरिका के सामने शनिवार को सुपर आठ के अपने दूसरे मैच में हर हाल में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया। इससे रोवमैन पॉवेल की टीम अंकतालिका में सबसे नीचे खिसक गई है। उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाए रखने बड़ी जीत चाहिए। पहले ही मैच में पाक को हराने के बाद अमेरिका ने भले ही कोई मैच नहीं जीता हो लेकिन

भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पर अप्रत्याशित जीत के करीब पहुंचने के बाद 18 रन से हार गया। सह मेजबान अमेरिका ने अभी तक आक्रामक क्रिकेट खेली है और इस मैच में भी उससे यही उम्मीद होगी।

राहिल गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स में पांच शॉट की बढ़त बनायी

सेलांगोर। भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स के तीसरे दौर में तीन अंडर 67 का कार्ड खेलकर पांच शॉट की बढ़त हासिल की। एशियाई टूर पर दो खिताब जीतने वाले गंगजी ने शुरूआती दो बोगी से वापसी करते हुए आठ होल में पांच बर्डी लगाकर बढ़त हासिल की। अन्य भारतीयों में केवल सप्तक तलवार (71-71-76) ही कट हासिल कर सके और अब संयुक्त 40वें स्थान पर चल रहे हैं।

आखिरी नौ होल के खेल में वापसी कर अदिति संयुक्त 22 वें पायदान पर

वाशिंगटन। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में पहले दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी करते हुए पार 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 22वें स्थान पर है। अपना 30वां मेजर खेल रही अदिति का इस साल का यह तीसरा बड़ा टूर्नामेंट है। इससे वह शेवरॉन और यूएस ओपन में कट हासिल करने में सफल रही है। अभी एवियन और एआईजी महिला ओपन का आयोजन बाकी है। वह पहले, सातवें और नौवें होल में बोगी करने के बाद पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने 10वें और 11वें होल में बर्डी से उसकी भरपाई की। उन्होंने 14वें में बोगी करने के बाद 16वें और 18वें होल में बर्डी कर 72 का स्कोर बनाया। लैक्सी थॉम्पसन चार अंडर 68 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

'शोटाइम' का टीजर जारी

नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और मौनी रॉय जैसे सितारों से सजी वेब सीरीज 'शोटाइम' इसी साल 8 माई को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। इस सीरीज को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। हालांकि, निर्माताओं ने अब तक 'शोटाइम' के केवल 4 एपिसोड रिलीज किए हैं। अब दर्शक इस सीरीज के बाकी एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं, जो खत्म होने वाला है। दरअसल, निर्माताओं ने 'शोटाइम' के बचे हुए एपिसोड की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।

करण जौहर हैं 'शोटाइम' के निर्माता

'शोटाइम' के बाकी एपिसोड को आप 12 जुलाई, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

निर्माताओं ने सीरीज का नया टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'असली मजा तो अब आएगा।' 'शो टाइम' का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। इसकी कहानी सुमित रॉय, लारा चांदनी और मिथुन गंगोपाध्याय ने मिलकर लिखी है। करण जौहर इस सीरीज के निर्माता हैं। महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल और श्रिया सरन जैसे सितारे भी हैं।

'SDGM' का हिस्सा बनीं सैयामी खेर

सनी देओल के किस्मत के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। पिछले साल उनकी फिल्म 'गदर 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही थी, वहीं इस साल वह एक के बाद एक अपनी नई फिल्मों का ऐलान कर रहे हैं। सनी ने बीते दिन गोपीचंद मालिनेनी के साथ नई फिल्म 'SDGM' की घोषणा की है, जिसके लिए उन्होंने 'पुष्पा' के निर्माताओं के साथ हाथ मिलाया है। सैयामी खेर भी फिल्म में अदाकारी का तड़का लगाती हुई नजर आएंगी।

'SDGM' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। सैयामी ने मुहूर्त पूजा की कुछ झलकियां साझा किया हैं। उन्होंने लिखा, 'लाइट्स कैमरा एक्शन! गंभीर एक्शन का समय आ गया है। सनी सर के साथ मिलकर लड़ने का इंतजार नहीं कर सकती। मैं बहुत खुश हूं कि सर ने मुझ पर एक बेहतरीन

एक्शन फिल्म के लिए भरोसा दिखाया है। यह सपना सच होने जैसा है। हमें शुभकामनाएं दें।' इस फिल्म को देश की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बताया जा रहा है।

'मडगांव एक्सप्रेस' का आएगा सीक्वल

कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को इस साल 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 38.47 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। दिव्येंदु, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, नोरा फतेही और उपेंद्र लिमये जैसे सितारों ने इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। अब दर्शक 'मडगांव एक्सप्रेस' के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं।

कुणाल के बयान का इंतजार करें- रितेश

निर्माता रितेश सिधवानी ने 'मडगांव एक्सप्रेस' के सीक्वल के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ₹इस सवाल का जवाब देने के लिए सही व्यक्ति कुणाल हैं, लेकिन अगर आप पूछ रहे हो तो मैं बता दूं कि हां 'मडगांव एक्सप्रेस' की दूसरा भाग आएगा, लेकिन आप कुणाल के बयान का इंतजार करें। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों का खूब प्यार मिला। उसके लिए शुक्रिया।₹ 'मडगांव एक्सप्रेस' अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

3 दोस्तों के रोड ट्रिप पर आधारित है कहानी

'मडगांव एक्सप्रेस' का निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित है। फिल्म की कहानी और तमाम सितारों की अदाकारी को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।

'कल्कि 2898 AD' का नया पोस्टर जारी

नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 AD' पिछले लंबे वक्त चर्चा में हैं। प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म में से एक है। 'कल्कि 2898 AD' 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

इससे पहले अब निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें प्रभास और अमिताभ समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

फिल्म में ये कलाकार भी आएंगे नजर

'कल्कि 2898 AD' का नया ट्रेलर आज यानी 21 जून को शाम 6 बजे जारी किया जाएगा।

फिल्म में प्रभास का किरदार भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित है। फिल्म में बिग बी का बेहद अलग अवतार देखने को मिलेगा। 'कल्कि 2898 AD' एक पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसे 600 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। फिल्म में कमल हासन, दुलकर सलमान और दिशा पाटनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

'ककुड़ा' की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार निर्देशक संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में दिखी थीं और इसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। अब दर्शक सोनाक्षी की आगामी फिल्म 'ककुड़ा' का इंतजार कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान आदित्य सरपोतदर ने संभाली है। 'ककुड़ा' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि OTT प्लेटफॉर्म ZEE5 पर दस्तक देगी। अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। ZEE5 पर होगा फिल्म का प्रीमियर 'ककुड़ा' का प्रीमियर 12 जुलाई, 2024 से ZEE5 पर होने जा रहा है।

निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'पुरुषों के हित में जारी। 'ककुड़ा' आ रहा है 12 जुलाई को तो घर पे रहें और ठीक 7:15 बजे दरवाजा खुला रखना ना भूलें। अब हर मर्द खतरे में है।' सोनाक्षी के अलावा रितेश देशमुख और साकिब सलीम भी इस फिल्म में नजर आएंगे। पहले पोस्टर में सभी सितारों की झलक दिख रही है।

विश्व संगीत दिवस पर आयुष्मान का बड़ा खुलासा

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना के लिए संगीत उनकी आत्मा है। वह भारत में ऐसे दुर्लभ अभिनेता-कलाकार हैं जिन्हें उनकी अदाकारी के साथ-साथ उनके संगीत के लिए भी उतना ही प्यार मिलता है। विश्व संगीत दिवस पर, आयुष्मान ने अपने प्रशंसकों को अपने अगले गीत 'रह जा' की जानकारी है। आयुष्मान इस ट्रैक के लिए सोलो कंपोजर और गीतकार के रूप में भी नज़र आएंगे। आयुष्मान कहते हैं, ₹अगर आप मेरे दिल को दो हिस्सों में बाँटें, तो मुझे लगता है कि संगीत एक हिस्सा लेगा क्योंकि यह सच में मेरे जीने और रचने की वजह है। यह हर उस रिश्ते को छूता है जो मैं अपने परिवार, दोस्तों, अपने जुनून, अपने काम, अपने अस्तित्व के साथ शेयर करता हूं। इसलिए, विश्व संगीत दिवस पर मैंने उन लोगों को खुश करने का फैसला किया है, जो मेरे गाने को पसंद करते हैं।, अपने अगले गाने के साथ, जो वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के साथ एक सहयोग है, जिसका नाम 'रह जा' है। मैं लंबे समय बाद सोलो कंपोजर और गीतकार की भूमिका निभा रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि यह उन सभी से बात करेगा जिन्होंने कभी भी पूरे दिल से प्यार किया है या प्यार करना चाहा है। इसमें एक तरह की पुरानी यादें और तड़प है।

कश्मीर से कन्याकुमारी और US के टाइम्स स्क्वायर तक योग उत्सव

SKICC के हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वज्रासन, शशांकासन और सेतुबंधासन समेत कई आसन किए।

सिक्किम के गंगटोक में सेना के अधिकारियों ने वीरभद्रासन किया। ये तस्वीर सेना ने X पर पोस्ट की।

भारतीय सेना के 12 जवानों ने उत्तरी सीमा पर बर्फीली पहाड़ियों पर योग किया।

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास मुंबई पुलिस ने योग किया। इस अवसर पर शीर्षासन करता होमगार्ड का जवान।

असम के गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर में साधुओं ने योग किया। उन्होंने कई मुश्किल आसन किए।



अमेरिका के न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर भी योग दिवस मनाया गया। भारतीय मूल के सैकड़ों लोगों ने कई आसन किए।

न्यूज ब्रीफ

ताजिकिस्तान में हिजाब और बुर्का पहनने पर लगा बैन

दुशानबे। मध्य एशिया का मुस्लिम बहुल देश ताजिकिस्तान की संसद ने हिजाब और बुर्का जैसे इस्लामिक पहनावे पर प्रतिबंध लगाने का विवादित कानून पारित कर दिया है। अब वहां की सरकार इस कानून को लागू करने जा रही है। इससे वहां खलबली मचने की आशंका है। सोवियत संघ से अलग हुआ ताजिकिस्तान मुस्लिम बहुल आबादी वाला देश है और इसकी सीमा तालिबान शासित अफगानिस्तान से मिलती है। ऐसे में इस बात की आशंका ज्यादा है कि वहां हिजाब और बुर्का पहनने पर पाबंदी लगाए जाने से विवाद बढ़ सकता है क्योंकि पड़ोसी अफगानिस्तान में बुर्का पहनना अनिवार्य है।

जम्मू-कश्मीर समेत 4 राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली। देश के 4 राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में इस साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने राज्यों में वोटर्स लिस्ट में अपडेशन को लेकर आदेश जारी कर दिया है। यह काम 20 अगस्त तक पूरा होना है। वोटर्स डेटा अपडेशन के बाद चुनाव आयोग चारों राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जम्मू-कश्मीर में इसी साल सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट का फिर NEET काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार

नई दिल्ली। देशभर के मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए कराई जाने वाली NEET-UG (नीट-यूजी 2024) परीक्षा के पेपर लीक को लेकर विवाद जारी है। सुप्रीम कोर्ट में नीट पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स की जांच और काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने एक बार फिर काउंसलिंग प्रोसेस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने नई याचिकाओं को लंबित पिटीशंस के साथ टैग किया। जिन पर 8 जुलाई को एक साथ सुनवाई होगी।

मुश्किल दौर से गुजर रहा मणिपुर : बीरेन

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि जातीय हिंसा प्रभावित उनका राज्य मुश्किल दौर से गुजर रहा है और उनकी सरकार समाज की बेहतरी के लिए राह बनाएगी। वह खुमान लैंपक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

जमानत पर कोर्ट ने लगाई रोक हाई कोर्ट ने ED की याचिका पर सुरक्षित रखा आदेश

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत वाली खुशी पर फिलहाल ब्रेक लग गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि 2-3 दिन में फैसला सुनाया जाएगा। दोनों पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। गुरुवार शाम राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत की अवकाशकालीन बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी थी।

2 जून को केजरीवाल ने किया था सरेंडर

सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। 2 जून को उन्हें शीर्ष अदालत में सरेंडर किया। सरेंडर से पहले अरविंद केजरीवाल ने एक बार सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। केजरीवाल ने कोर्ट से अपनी अंतरिम जमानत को सात दिन के लिए बढ़ाने की अपील की थी। मगर कोर्ट ने केजरीवाल की अपील को ठुकरा दिया था।

3-4 दिन में आएगा अंतिम आदेश

जस्टिस सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने ईडी की प्राथमिक दलीलें सुनने के बाद मामले पर तुरंत सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने को कहा। कोर्ट ने निचली अदालत से आदेश की कॉपी और फाइल भी मंगवाई। साथ ही सुनवाई पूरी होने तक बेल ऑर्डर पर अमल रोक दी। सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने कहा कि फैसला सुनाए जाने तक जमानत पर अंतरिम रोक रहेगी। इसका मतलब है कि ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल जाने के बावजूद केजरीवाल फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने पीएमएलए मामले में जमानत देने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया। ASG एसवी राजू ने बताया, 'आज अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक लगा दी गई है और अंतिम आदेश 3-4 दिन में आएगा। जमानत याचिका रद्द करने पर सुनवाई बाद में होगी और इस संबंध में नोटिस जारी कर दिया गया है।'

काम की खबर

चादर-रजाई भी बन सकती है नींद न आने की वजह

सिडनी। चादर और रजाई भी नींद न आने की वजह बन सकती है। इसकी वजह चादर और रजाई में इस्तेमाल होने वाली खराब गुणवत्ता की ऊन या कपड़ा हो सकता है। वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाले हैं। सिडनी विश्वविद्यालय में हुए अध्ययन के अनुसार, हम सोने में मदद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए अपने बिस्तर पर निर्भर रहते हैं। सही वस्त्र हमारे शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और पसीने से नमी को दूर करने, बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा, कई बार हम अपनी चादर और रजाई की गुणवत्ता से समझौता कर लेते हैं, जो ठीक नहीं है। मौसम के अनुसार बिस्तर और कपड़े हमें अच्छी नींद में मदद करते हैं।

नीट पेपर लीक मामला

सड़कों पर उतरी कांग्रेस कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक मामले में विपक्ष लगातार हमलावर बना हुआ है। एक बार फिर से कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने नीट-यूजी 2024 की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया। विरोध प्रदर्शन न सिर्फ राजधानी दिल्ली बल्कि, कई अन्य राज्यों में भी हुआ। लखनऊ, त्रिपुरा, जयपुर और जम्मू तक कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। उधर लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। लखनऊ विधानसभा घेरने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग को तोड़ने का भी कोशिश की। प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को हिरासत में लिया गया है। वहीं दिल्ली में, पार्टी कार्यकर्ता NEET परीक्षा को कैंसिल कर दोबारा परीक्षा करवाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे। जब तक कार्यकर्ता दिल्ली बीजेपी मुख्यालय पहुंचते, उन्हें बीच में ही रोक लिया गया और कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

हज पर गए 98 भारतीयों की मौत

एजेंसी । नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार 21 जून को बताया कि इस साल सऊदी अरब में 98 भारतीय हज यात्रियों की मौत हुई है। सभी लोगों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उन्होंने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में भारत से लोग हज यात्रा करने जाते हैं। इस साल भारत से 1,75,000 हज यात्रा पर गए थे। हज करने का कोर पीरियड 9 मई से 22 जुलाई तक था। हमने सऊदी अरब में मरने वाले भारतीय लोगों के जितना संभव हो सका मदद की।

AFP ने किया था भारतीयों की मौत का दावा

दो दिन पहले न्यूज एजेंसी AFP ने दो अज्ञात अरब डिप्लोमैट्स का हवाला देते हुए मक्का में इस साल 68 लोगों की मौत होने का दावा किया था। न्यूज एजेंसी ने कहा कि हज के दौरान 550 मौतें हुई हैं। हालांकि एएफपी ने खुद के कैलकुलेशन के आधार पर अब तक कुल 645 लोगों की मौत होने का दावा किया। इनमें से 323 इजिप्ट के और 60 लोग जॉर्डन के होने की बात कही गई थी।

सरकारी कर्मियों को परेशान करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

जम्मू-कश्मीर में छह महीने में 7,000 से अधिक फर्जी शिकायतें मिलीं

एजेंसी । जम्मू

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शुक्रवार को झूठी शिकायतों के कारण सरकारी कर्मचारियों के उत्पीड़न पर कड़ा रुख अपनाया और एडवाइजरी जारी कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की। उपराज्यपाल प्रशासन ने कहा, झूठी शिकायतें करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा चलाना चाहिए। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसको लेकर एक सर्कुलर भी जारी किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस क्राइम ब्रांच को झूठी शिकायतें करने वालों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया है। सर्कुलर में झूठी शिकायतों के लिए दोषी पाए जाने वाले प्रकाशनों के खिलाफ भी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

19 पुराने अपराधियों की हुई पहचान

प्रशासन ने ऐसे 19 पुराने अपराधियों की पहचान की है, जिनमें कुछ पूर्व सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं, जो नौ सरकारी विभागों और संगठनों में काम कर रहे कर्मचारियों को परेशान करने और ब्लैकमेल करने के लिए 'फर्जी और झूठी शिकायतें' कर रहे हैं। पिछले छह महीनों में 7,000 से अधिक शिकायतों को फर्जी पाया गया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने यह कदम अपने कर्मचारियों के लिए सुरक्षा उपायों के साथ सुशासन को संतुलित करने के लिए उठाया है।

जालसाजी › भारत का पासपोर्ट बनवाकर भेजते थे विदेश

बांग्लादेशी नागरिकों का पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- आरोपी के पास से 21 पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज बरामद
- एक आरोपी पश्चिम बंगाल और दूसरा ओडिशा से गिरफ्तार

एजेंसी । नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय पासपोर्ट पर विदेश भेजने वाले दो एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक को पश्चिम बंगाल जबकि दिनेश को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 21 पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। आरोपी 80 हजार से एक लाख रुपये में भारतीय दस्तावेज बनवाते थे।

ऐसे हुई गिरफ्तारी

बीते मार्च में ही पुलिस ने आरोपी असित और गोबिंदा को गिरफ्तार कर लिया था। उनसे पूछताछ में दीपक और दिनेश का नाम सामने आया। हाल ही में एसएचओ विजेन्द्र राणा की देखरेख में एसआई सरोज और एएसआई प्रदीप ने दीपक को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह कई वर्षों से लोगों को विदेश भेज रहा है। देबाशीष पाल से उसे 80 हजार रुपये मिले थे। इसमें से 40 हजार रुपये उसने दिनेश को दिए थे। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दिनेश को ओडिशा से गिरफ्तार किया।

डेढ़ लाख लेकर यूएई भेजने का आश्वासन

डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार, इस वर्ष 15 मार्च को यूएई से भारतीय पासपोर्ट पर देबाशीष पाल नामक युवक आईजीआई एयरपोर्ट आया। जांच में पता चला कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश में मजदूरी करता था। वर्ष 2020 में वह मेघालय बॉर्डर से भारत में दाखिल हुआ। पश्चिम बंगाल में वह असित नामक एजेंट से मिला, जिसने 1.5 लाख रुपये में उसे यूएई भेजने की बात कही। एजेंट ने गोबिंदा की मदद से पश्चिम बंगाल के पते पर उसका पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड आदि बनवा दिया। इनकी मदद से उसका भारतीय पासपोर्ट बन गया। अगस्त 2023 में एजेंट ने उसे यूएई भेज दिया।

इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर। इंदौर स्थित देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक शर्मा ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर बुधवार रात संदेश भेजकर इस परिसर में बम विस्फोट की धमकी दी। उन्होंने बताया, 'हवाई अड्डे के भीतर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और पुलिस की जांच में यह धमकी फर्जी साबित हुई।'